G20
भारत 2023 INDIA

सत्यमेव जयते

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार

27वीं वार्षिक रिपोर्ट
2022-23

विषय-वस्तु

सचिव की कलम से	03
टीडीबी का अधिदेश	06
बोर्ड के सदस्य	08
विहंगावलोकन	11
वर्ष एक दृष्टि में	27
हस्ताक्षरित करार	39
पूर्ण की गई परियोजनाएँ	55
संवर्धनात्मक गतिविधियाँ	61
नई पहल	73
प्रशासन	79
वर्ष 2022-23 के लिए लेखा-परीक्षित वार्षिक विवरण	85
पृथक लेखा-परीक्षा रिपोर्ट 2022-23	115

सचिव की कलम से

पथ प्रदर्शक नवोन्मेष: 2022-23 में टीडीबी का बहु-क्षेत्रीय अनुभव

वित्त वर्ष 2022-23 का विहंगावलोकन करने पर यह प्रदर्शित होता है कि प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की यात्रा उल्लेखनीय महत्वपूर्ण पड़ावों से सुसज्जित है, जो विविध क्षेत्रों में नवोन्मेष को प्रज्वलित करने और प्रगति को आगे बढ़ाने के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता की साक्षी है। कार्यनीतिक साझेदारियों और दूरदर्शी पहलों के माध्यम से टीडीबी की यात्रा में अभूतपूर्व विचारों को वास्तविक उपलब्धियों में परिवर्तित किया गया है, जिससे प्रौद्योगिकी के गतिशील क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

इस पूरे वर्ष के दौरान, सततधारणीयता और नवोन्मेष के प्रति टीडीबी का अटूट समर्पण स्पष्ट रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी की दृढ़निश्चयी दृष्टि से प्रेरित होकर हम कृषि, उन्नत वस्त्र, जलवायु परिवर्तन शमन, हरित प्रौद्योगिकी, उन्नत फार्मास्यूटिकल्स, अंतरिक्ष अनुप्रयोग, हरित हाइड्रोजन, अर्धचालक, और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के अपने मिशन में दृढ़ रहे हैं। हमारे जोरदार प्रस्ताव आह्वान दूर-दूर तक गूंजे, जिसके परिणामस्वरूप हमें 150 आवेदनों के रुप में प्रभावशाली प्रतिक्रिया मिली, जो भारत के भीतर नवोन्मेष के जीवंत परिदृश्य को दर्शाती है।

पूरे वर्ष प्राप्त आवेदनों की संख्या सभी क्षेत्रों में टीडीबी की पैठ का प्रमाण है। (कृषि और संबद्ध उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य और चिकित्सा तक और इंजीनियरिंग से सूचना प्रौद्योगिकी तक) टीडीबी के पदचिह्न उन्नति के समग्र स्पेक्ट्रम में फैले हुए हैं। यह समावेशी नियोजन सीमित दायरे से परे समग्र प्रगति और नवोन्मेष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

टीडीबी का प्रभाव भौगोलिक सीमाओं तक ही सीमित नहीं है। हमारे समावेशी कार्यक्षेत्रों का विस्तार पूरे भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले आवेदनों से स्पष्ट है। यह राष्ट्रव्यापी तकनीकी विकास और आर्थिक विकास के उत्प्रेरक के रूप में हमारी भूमिका को प्रतिबिंबित करता है।

तेजी से प्रगति: समझौतों का महत्व

इन पहलों की सफलता की कहानी इस अवधि के दौरान हस्ताक्षरित 14 समझौतों में अंकित है। विविध औद्योगिक संस्थाओं का पोषण करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए ये समझौते टीडीबी की प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं, जो आर्थिक विकास और नवोन्मेष को आगे बढ़ाने के हमारे सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। विशेष रूप से, ₹2000 करोड़ के कोष वाले उद्यम पूँजी कोष, आइवी कैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III में हमारी भागीदारी है। टीडीबी द्वारा 50 करोड़ रु. के योगदान के साथ दूरदर्शी निवेश के लिए उत्प्रेरक के रूप में हमारी भूमिका को दर्शाती है।

ये समझौते न केवल टीडीबी से ₹107.36 करोड़ की वित्तीय प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, बल्कि समग्र क्षेत्रों में आर्थिक विकास और नवोन्मेष को बढ़ावा देने में हमारी भूमिका की पुष्टि भी करते हैं। यह, भारत को वैश्विक तकनीकी महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, जिसमें हमारा असीमित प्रभाव है।

वैश्विक सहयोग और नवोन्मेष

इस वर्ष, टीडीबी को भारत में द्विपक्षीय / बहुपक्षीय औद्योगिक सहयोगी अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो अनुसंधान और विकास के लिए वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा देने में हमारी बढ़ती प्रतिष्ठा और विशेषज्ञता को प्रदर्शित करता है। इस जिम्मेदारी को लेकर टीडीबी वैश्विक स्तर पर नवोन्मेष और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में प्रमुख के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है।

टीडीबी - डीएसटी द्वारा प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी योजनाओं के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने एनएम-आईसीपीएस (राष्ट्रीय अंतर विषयक साइबर भौतिक प्रणाली मिशन) तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण नामक केंद्रीय क्षेत्र की दो योजनाओं के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए टीडीबी को नामित किया। केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में टीडीबी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर विषयक अनुसंधान का संचालन करने और संस्थागत और मानव क्षमता को बढ़ाने के लिए इन योजनाओं को सुविधाजनक बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विविध क्षेत्र, परिवर्तनकारी सहयोग: टीडीबी के दूरदर्शी उद्यम

स्वास्थ्य और चिकित्सा: स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में बेंगलुरु के मेसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने कण त्वरक के लिए एस-बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रोन का विकास और वाणिज्यीकरण शुरू किया है। यह अग्रणी प्रयास ऐसी स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिनमें रोग निदान तंत्र और रोगी देखभाल में बदलाव लाने की संभावना है। इसके साथ ही, चेन्नई के मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने लार का नमूना सीधे संग्रह करने के किट के विकास और वाणिज्यीकरण के साथ उन्नत स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को आकार दिया है। इसी क्षेत्र में, तेलंगाना के मेसर्स हुवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने चिकित्सकीय रोग-निर्णय और स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ प्रस्तुत करते हुए, त्वरित वास्तविक समय वाले पीसीआर अभिकर्मकों के सत्यापन और वाणिज्यीकरण पर ध्यान केंद्रित किया।

सूचना प्रौद्योगिकी: बेंगलुरु के मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने गीगामेश सॉल्यूशन के उत्पादन और वाणिज्यीकरण पर ध्यान केंद्रित करके सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को रोशन किया है। इस अभिनव खोज का उद्देश्य विशेष रूप से रक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4जी / 5जी दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं की पहुँच को बढ़ाना है। यह पहल 'डिजिटल इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो पूरे देश में डिजिटल असमानता को समाप्त करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। इसके साथ ही, मेसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम ने साइबर जोखिम जाँच और स्वचलित प्रतिक्रिया सुरक्षा प्रणाली (एसआईईएम) के विकास के माध्यम से साइबर सुरक्षा चिंताओं का समाधान करके डिजिटल क्षेत्र को मजबूत किया है।

इंजीनियरिंग और स्वचलन: राँची, झारखंड के मेसर्स क्रिट्सनाम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने धारा स्मार्ट फ्लो मीटर के वाणिज्यीकरण की दिशा में प्रयास करके नवोन्मेष की आधारशिला, इंजीनियरिंग को उन्नत किया है। यह तकनीकी प्रगति प्रवाह के सटीक मापन के माध्यम से औद्योगिक दक्षता का पुनर्निर्धारण करने के लिए तैयार है, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने वाले इंजीनियरिंग समाधानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई ने औद्योगिक और वैज्ञानिक अन्वेषण, दोनों में योगदान देकर दूरस्थ संचालित वाहनों (आरओवी) के वाणिज्यीकरण को आगे बढ़ाकर इंजीनियरिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी स्वचलन के क्षेत्र में मुंबई के मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने मशीन विजन और रोबोटिक्स सिस्टम के वाणिज्यीकरण की योजना बनाई, जिससे विनिर्माण में स्वचलन के क्षेत्र में प्रगति हुई।

ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग: ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग क्षेत्र में टीडीबी की छाप तब स्पष्ट दिखाई दी, जब नागपुर के मेसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने स्वदेशी रूप से विकसित करके पेटेंट कराए गए हाइड्रोजन सेंसिंग और विश्लेषण तकनीक से उत्पन्न अभिनव उत्पादों का वाणिज्यीकरण शुरू किया। यह सतत ऊर्जा समाधानों और पर्यावरणीय प्रबंधन को सहायित करने के हमारे अभियान का उदाहरण है। सतारा,

महाराष्ट्र के मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग क्षेत्रों के साथ तालमेल बिठाते हुए बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का निर्माण किए जाने से पर्यावरणीय संधारणीयता को प्रमुखता दिया जाना जारी है। स्थायी प्रथाओं के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हुए मेसर्स साही फैब प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली ने औद्योगिक पटसन, सन और नटल जैसे स्टेम सामग्रियों से प्राप्त कृषि अपशिष्ट उत्पादों के विकास और वाणिज्यीकरण का प्रयास किया, जिससे ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

कृषि और संबद्ध क्षेत्र: कृषि और संबद्ध उद्योगों में कार्य करते हुए नवी मुंबई के मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने इजरायली तकनीक से उन्नत, गहन, सकल नर तिलापिया जलीय कृषि परियोजना के साथ अभिनव कार्यरीति तैयार की है। यह न केवल हमारी वैश्विक भागीदारी को दर्शाता है बल्कि अभिनव पद्धतियों के प्रति हमारे समर्पण को भी रेखांकित करता है।

प्रिसिजन इंजीनियरी और विनिर्माण: नई दिल्ली के मेसर्स गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विमान से लेकर युद्ध टैंक के इंजन के सहायक घटकों के लिए महत्वपूर्ण मशीनिंग और निरीक्षण प्रक्रियाओं का विकास किए जाने से प्रिसिजन इंजीनियरी पर फोकस बना। परिशुद्धता पर यह जोर भारत की विनिर्माण क्षमताओं और रक्षा प्रौद्योगिकी को बेहतर बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आज जब हम प्रगति के मार्ग पर हैं, ये सहयोग नवोन्मेष की संस्कृति को पोषित करने, दूरदर्शी विचारों को ऐसे मूर्त समाधानों में बदलने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं जो भारत को तकनीकी रुप से उन्नत होने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप यह यात्रा 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में मार्ग प्रशस्त करती है, ऐसा आत्मनिर्भर भारत जो वैश्विक प्रौद्योगिकी मानचित्र पर मजबूती से खड़ा है।

हमें यहाँ तक पहुंचाने वाले सामूहिक प्रयास के प्रति गहरी कृतज्ञता के साथ, हम नवोन्मेष, प्रगति और स्थायी उपलब्धियों से प्रदीप्त परिदृश्य की ओर बढ़ने की आशा करते हैं।

उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना

इस वर्ष हमने जो उल्लेखनीय उपलब्धियाँ देखी हैं, उससे मुझे विश्वास है कि हमारी टीम अपेक्षाओं से आगे बढ़कर वर्तमान से भी अधिक ऊँचाइयों तक पहुँचेगी। साथ मिलकर हम नई चुनौतियों और अवसरों को अपनाएँगे और टीडीबी को अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरे भविष्य की तरफ ले जाएँगे। टीडीबी में हम अपने मूल मूल्यों और अपनी टीम के भीतर एकता की मजबूत भावना बनाए रखने का प्रयास करते हैं। अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहकर हम लगातार असाधारण परिणाम देंगे और अपने उद्योग जगत पर स्थायी प्रभाव डालेंगे।

राजेश कुमार पाठक, आईपी एंड टीएफएस
सचिव

टीडीबी का अधिदेश

- स्वदेशी प्रौद्योगिकी के व्यावसायिक अनुप्रयोग या व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने का प्रयास करने वाली औद्योगिक संस्थाओं और अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना;
- स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने या वाणिज्यिक अनुप्रयोग के लिए आयातित प्रौद्योगिकी के अनुकूलन में लगे ऐसे अनुसंधान और विकास संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा मान्यता दी जा सकती है;
- ऐसे अन्य कार्य करना जो उसे केंद्र सरकार द्वारा सौंपे जाएँ।

स्थापना के बाद से टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्र

क्षेत्र-अज्ञेयवादी होने के कारण टीडीबी अब तक व्यापक रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों को वित्त पोषित किया गया है:-

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की संरचना
(31 मार्च, 2023 के अनुसार)

डॉ. श्रीवारी चंद्रशेखर सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	पदेन अध्यक्ष
डॉ. (श्रीमती) एन. कलाइसेल्वी सचिव, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग	पदेन सदस्य
डॉ. समीर वी. कामत सचिव, रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग	पदेन सदस्य
डॉ. टी. वी. सोमनाथन सचिव, व्यय विभाग	पदेन सदस्य
श्री अनुराग जैन सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग	पदेन सदस्य
श्री शैलेश कुमार सिंह सचिव, ग्रामीण विकास विभाग	पदेन सदस्य
श्री प्रदीप गोयल अध्यक्ष, प्रदीप मेटल्स लिमिटेड, नवी मुंबई	सदस्य
सुश्री बिनीशा पी. कार्यकारी निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर	सदस्य
प्रो. मनोज कुमार धर निदेशक, वैज्ञानिक एवं नवोन्वेषी अनुसंधान अकादमी गाज़ियाबाद और पूर्व कुलपति, जम्मू विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. मृदुल हजारिका पूर्व कुलपति, गुवाहाटी विश्वविद्यालय	सदस्य
श्री राजेश कुमार पाठक सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड	पदेन सदस्य (सदस्य सचिव)

बोर्ड के सदस्य
(31 मार्च, 2023 के अनुसार)

डॉ. श्रीवारी चंद्रशेखर
अध्यक्ष, टीडीबी और सचिव, डीएसटी

डॉ. (श्रीमती) एन. कलाइसेल्वी
सचिव, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

डॉ. समीर वी. कामत
सचिव, रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग

डॉ. टी. वी. सोमनाथन
सचिव, व्यय विभाग

श्री अनुराग जैन
सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

श्री शैलेश कुमार सिंह
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग

श्री प्रदीप गोयल
अध्यक्ष, प्रदीप मेटल्स लिमिटेड, नवी मुंबई

सुश्री विनीशा पी.
कार्यकारी निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर

प्रो.मनोज कुमार धर
निदेशक, वैज्ञानिक एवं नवोन्मेषी अनुसंधान अकादमी सलाहकार और पूर्व कुलपति, जम्मू विश्वविद्यालय

डॉ. मृदुल हजारिका
पूर्व कुलपति, गुवाहाटी विश्वविद्यालय

श्री राजेश कुमार पाठक
सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

वर्ष 2022-23 के लिए बोर्ड की संरचना

अध्यक्ष

डॉ. श्रीवारी चंद्रशेखर
01/04/2022 से 31/03/2023

पदेन सदस्य

डॉ. शेखर सी. मांडे
01/04/2022 से 07/08/2022

डॉ. (श्रीमती) एन. कलाइसेल्वी
08/08/2022 से 31/03/2023

डॉ. जी. सतीश रेड्डी
01/04/2022 से 25/08/2022

डॉ. समीर वी. कामत
26/08/2022 से 31/03/2023

डॉ. टी. वी. सोमनाथन
01/04/2022 से 31/03/2023

श्री अनुराग जैन
01/04/2022 से 31/03/2023

वर्ष 2022-23 के लिए बोर्ड की संरचना

श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा
01/04/2022 से 30/11/2022

श्री रौलेश कुमार सिंह
01/12/2022 से 31/03/2023

गैर सरकारी सदस्य

श्री प्रदीप गोयल
01/04/2022 से 31/03/2023

सुश्री विनीशा पी
01/04/2022 से 31/03/2023

प्रो.मनोज कुमार धर
01/04/2022 से 31/03/2023

डॉ. मृदुल हजारिका
01/04/2022 से 31/03/2023

सचिव

श्री राजेश कुमार पाठक
01/04/2022 से 31/03/2023

विहंगावलोकन

अध्याय 1: विहंगावलोकन

भारत सरकार ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 01 सितंबर, 1996 को प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) का गठन किया, जिसका उद्देश्य व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और वाणिज्यीकरण और आयातित प्रौद्योगिकी के अनुकूलन को बढ़ावा देना है। टीडीबी ऐसे विकास और वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास करने वाली औद्योगिक संस्थाओं और अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

अधिनियम ने टीडीबी द्वारा प्रशासित किये जाने वाले प्रौद्योगिकी विकास और अनुप्रयोग के लिए एक निधि के निर्माण को सक्षम बनाया। वर्ष 1995 में यथा संशोधित अनुसंधान और विकास उपकर अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत औद्योगिक संस्थाओं से सरकार द्वारा एकत्रा किए गए अनुसंधान एवं विकास उपकर में से उक्त निधि भारत सरकार से अनुदान प्राप्त करता है। यह यह अधिनियम टीडीबी को किसी भी अन्य स्रोत से टीडीबी द्वारा प्राप्त सभी राशियों, निधि से दी गई राशि से की गई वसूली, और फंड की राशि के निवेश से होने वाली किसी भी आय को क्रेडिट करके फंड का निर्माण करने में सक्षम बनाता है। वित्त अधिनियम, 1999 ने आयकर उद्देश्यों के लिए निधि में दान के लिए पूर्ण कटौती को सक्षम किया।

केंद्र सरकार ने अपने आम बजट 2017-18 में 01 अप्रैल, 2017 से 'अनुसंधान और विकास उपकर अधिनियम, 1986' को समाप्त कर दिया था। सरकार ने वर्ष 1996-97 से 2016-17 की अवधि के दौरान अनुसंधान और विकास उपकर के रूप में 7974.32 करोड़ रुपये एकत्र किए।

टीडीबी ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार के गैर-योजना बजट से 27 वर्षों (1996-97 से 2022-23) की अवधि में अनुदान सहायता के रूप में ₹ 1212.47 करोड़ की संचयी राशि प्राप्त हुई।

1.1 वित्तीय सहायता के प्रकार

टीडीबी से वित्तीय सहायता ऋण या इक्विटी के रूप में और/या अनुदान के रूप में (असाधारण मामलों में) उपलब्ध है। कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के तहत निगमित औद्योगिक प्रतिष्ठानों से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पूरे वर्ष स्वीकार किए जाते हैं।

1.1.1 ऋण

औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर सॉफ्ट लोन के रूप में प्रदान की जाती है। ऋण के रूप में वित्तीय सहायता की सीमा बिना खर्च वाली परियोजना लागत का 50 प्रतिशत है। ऋण समझौते में निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार संबंधित उपलब्धियों के कार्यान्वयन के अनुसार ऋण राशि किश्तों में वितरित की जाती है। ऋण की सहमति के दौरान टीडीबी की परियोजना के तहत उत्पादों की बिक्री पर रॉयल्टी देय है।

कुछ मामलों में,सहायता प्राप्त औद्योगिक प्रतिष्ठान के निदेशक मंडल में टीडीबी के नामित निदेशक हो सकते हैं। किसी परियोजना की कार्यान्वयन अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऋण और ब्याज संपार्श्विक और गारंटी के माध्यम से सुरक्षित है। आम तौर पर, ऋण की चुकौती और ब्याज का भुगतान परियोजना के पूरा होने के बाद शुरू होता है और अधिस्थगन अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं की नहीं होती है। ऋण की राशि आम तौर पर नौ, अर्धवार्षिक किश्तों में वसूली योग्य होती है। पहली किस्त के पुनर्भुगतान तक संचित ब्याज तीन वर्षों की अवधि में वितरित किया जाता है।

टीडीबी आवेदकों से प्रशासनिक और प्रसंस्करण शुल्क नहीं लेता है।

1.1.2 इक्विटी

टीडीबी, ऋण-इक्विटी अनुपात को ध्यान में रखते हुए, टीडीबी द्वारा मूल्यांकन की गई आवश्यकताओं के अनुसार औद्योगिक प्रतिष्ठानों में इक्विटी पूंजी के रूप में अपने प्रारंभ, स्टार्ट-अप और/या विकास के चरणों में योगदान देता है। टीडीबी के पूर्ण बोर्ड द्वारा इक्विटी सदस्यता का निर्णय लिया जाता है। यह अनुमोदित परियोजना लागत का 25% तक होता है, बशर्ते ऐसा निवेश प्रमोटरों द्वारा प्रदत्त पूंजी से अधिक न हो।

टीडीबी उन औद्योगिक संस्थाओं के मौजूदा ऋण या इक्विटी को प्रतिस्थापित करने पर विचार नहीं करता है, जिन्होंने अन्य संस्थानों से ऐसा वित्त प्राप्त किया है।

1.1.3 अनुदान

टीडीबी औद्योगिक प्रतिष्ठानों और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास में लगे अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। अनुदान की मंजूरी पूर्ण बोर्ड द्वारा तय की जाती है और राष्ट्रीय हित को पूरा करने के लिए महत्व रखने वाले असाधारण मामलों में प्रदान की जाती है।

1.2 टीडीबी द्वारा वित्तीय सहायता

1.2.1 औद्योगिक इकाईयों को टीडीबी द्वारा वित्तीय सहायता (1996-2023)

निम्नलिखित तालिका टीडीबी के मोड और वित्तीय योगदान को दर्शाती है (स्थापना से 31 मार्च, 2023 तक):

(₹करोड़ में)

विधि	*टीडीबी द्वारा स्वीकृत राशि	टीडीबी द्वारा संवितरण
ऋण	1927.88	1581.88
इक्विटी	33.06	35.67
अनुदान	157.13	150.50
वेंचर फंड	335.00	308.26
कुल	**2453.07**	**2076.31**

** 31.03.2023 को टीडीबी द्वारा वितरित वास्तविक राशि पूर्व में कुछ मामलों में ऋण को इक्विटी में बदलने और वित्तीय सहायता की मात्रा में संशोधन, फोरक्लोजर और निरस्तीकरण के कारण भिन्न हो सकती है।*

1.2.2 'फाइटिंग कोविड-19' की दिशा में औद्योगिक इकाइयों को टीडीबी का वित्तीय योगदान

निम्नलिखित तालिका 'फाइटिंग कोविड-19' काल के तहत टीडीबी द्वारा किए गए वित्तीय योगदान को दशाती है:

(₹करोड़ में)

विधि	टीडीबी द्वारा स्वीकृत राशि	टीडीबी द्वारा संवितरण
ऋण	103.25	62.75
अनुदान	7.65	2.42
कुल	**110.90**	**65.17**

1.3 क्षेत्र

टीडीबी सेक्टर अज्ञेयवादी है और इसने उद्योगों के लगभग सभी क्षेत्रों को वित्त पोषित किया है। 1996 में स्थापना के बाद से 31 मार्च, 2023 तक टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्रवार और राज्यवार सार नीचे दिया गया है।

1.3.1 क्षेत्र-वार कवरेज (1996-2023)

टीडीबी ने विभिन्न क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों के साथ कुल 393 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनकी कुल परियोजना लागत ₹11000.53 करोड़ और टीडीबी की प्रतिबद्धता ₹2453.07 करोड़ है। वर्ष 1996-2023 के दौरान हस्ताक्षरित समझौतों का क्षेत्रवार वितरण नीचे दिया गया है:

(₹करोड़ में)

अन्य

वेंचर फंड	12	335	एसटीईपी-टीबीआई	35	35
सीआईआई	1	0.5	मिलेनियन एलायंस	1	25
ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एलायंस	1	7.35	इनवेंट कार्यक्रम	1	
योग	**393**	**11000.53**	**2453.07**		

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्र	समझौतों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी की प्रतिबद्धता
1	स्वास्थ्य और चिकित्सा	110	2462.08	738.34
2	अभियांत्रिकी	77	751.12	279.87
3	सूचना प्रौद्योगिकी	49	484.47	177.13
4	रसायन	26	236.8	84.69
5	कृषि और संबद्ध	28	247.27	78.27
6	दूरसंचार	12	99.88	37.85
7	सड़क परिवहन	10	527.04	81.2
8	ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग	14	161.4	70.44
9	इलेक्ट्रॉनिक्स	5	66.81	22.48
10	रक्षा और नागर विमानन	10	648.83	229.95
11	वस्त्र	1	689	250
12	**अन्य**			
	a) वेंचर फंडस	12	4463	335
	b) एसटीईपी-टीबीआई	35	35	35
	c) सीआईआई	1	0.83	0.5
	d) मिलेनियन एलायंस	1	112	25
	e) ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एलायंस	1	15	7.35
	f) इनवेंट कार्यक्रम	1	–	–
	कुल	**393**	**11000.53**	**2453.07**

1.3.2 राज्य-वार कवरेज (1996-2023)

वर्ष 1996-2023 के दौरान हस्ताक्षरित समझौतों का राज्य-वार वितरण (कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के आधार पर) नीचे दिया गया है:

(₹करोड़ में)



(₹करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य और केंद्र शासित प्रदेश	समझौतों की संख्या	परियोजना की कुल लागत	टीडीबी की प्रतिबद्धता
1	आंध्र प्रदेश/तेलंगाना	93	2103.49	683.36
2	असम	1	18.31	8.2
3	चंडीगढ़	4	43.75	16.5
4	दिल्ली	27	336.04	124.74
5	गुजरात	14	149.06	45.94
6	हरियाणा	9	57.74	24.32
7	हिमाचल प्रदेश	1	6.24	1.9
8	जम्मू और कश्मीर	1	5.65	2.38
9	झारखंड	1	8.25	3.3
10	केरल	5	21.63	8.15
11	कर्नाटक	51	1070.3	369.44
12	मध्य प्रदेश	7	155.92	42.2
13	महाराष्ट्र	55	1686.65	473.34
14	मणिपुर	1	7.94	2.7
15	उड़ीसा	1	4.25	1.8
16	पुडुचेरी	1	5.83	1.9
17	पंजाब	7	91.79	21.98
18	राजस्थान	1	35.77	3
19	तमिलनाडु	40	333.93	107.06
20	उत्तर प्रदेश	12	94.77	50.44
21	पश्चिम बंगाल	10	137.39	57.57
22	**अन्य:**			
	वेंचर फंडस	12	4463	335
	एसटीईपी-टीबीआई	35	35	35
	सीआईआई	1	0.83	0.5
	मिलेनियम एलायंस	1	112	25
	ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एलायंस	1	15	7.35
	इनवेंट कार्यक्रम	1		
	कुल	**393**	**11000.53**	**2453.07**

1.4 टीडीबी को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना

टीडीबी से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए औद्योगिक संस्थाओं को निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना आवश्यक है। टीडीबी की वेबसाइट (http://TDB.gov.in/) पर उपलब्ध 'परियोजना वित्त पोषित दिशानिर्देश' में वित्तीय सहायता और अन्य विवरण प्राप्त करने के लिए आवेदन का प्रारूप उपलब्ध कराया गया है।

औद्योगिक प्रतिष्ठान वर्ष भर में किसी भी समय / http://e-techcom.tdb.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

1.5 परियोजना प्रस्तावों की प्रक्रिया

प्राप्त आवेदनों का तकनीकी और वित्तीय दोनों पहलुओं पर कार्यक्षेत्र विशेषज्ञों वाली समिति द्वारा बड़े पैमाने पर मूल्यांकन किया जाता है। टीडीबी की मूल्यांकन प्रक्रिया का विवरण नीचे दिया गया है:

1.5.1 मूल्यांकन के मानदंड

आवेदन का मूल्यांकन इसके वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, वाणिज्यिक और वित्तीय गुणों के लिए किया जाता है। मूल्यांकन के मानदंड में निम्न शामिल हैं:

- प्रस्ताव की विशिष्टता और नवीन विषय वस्तु;
- सुदृढ़ता, वैज्ञानिक गुणवत्ता और प्रौद्योगिकीय योग्यता;
- व्यापक अनुप्रयोग की संभावना और वाणिज्यीकरण से प्राप्त होने वाले प्रत्याशित लाभ;
- प्रस्तावित प्रयास की पर्याप्तता;
- प्रस्तावित कार्रवाई नेटवर्क में अनुसंधान एवं विकास संस्थान (संस्थानों) की क्षमता;
- उद्यम की संगठनात्मक और वाणिज्यिक क्षमता जिसमें इसके आंतरिक प्राप्ति शामिल हैं:
- प्रस्तावित लागत और वित्तपोषण पैटर्न की युक्तिसंगतता;
- मापने योग्य उद्देश्य, लक्ष्य और उपलब्धियां;
- उद्यमी की पृष्ठभूमि।

1.5.2 गोपनीयता और पारदर्शिता

टीडीबी का मानना है कि गोपनीयता बनाए रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव एक वाणिज्यिक प्रस्ताव है जिसमें एक नया उत्पाद या प्रक्रिया शामिल होती है। इसलिए, प्रस्तुत किए गए सभी आवेदनों की गोपनीयता बनाए रखने का उचित ध्यान रखा जाता है।

1.5.3 आवेदन की प्रारंभिक जाँच

विधिवत गठित प्रारंभिक जाँच समिति (आईएससी) वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों की परियोजना की पूर्णता, उसके उद्देश्य, प्रौद्योगिकी की स्थिति आदि के दृष्टिकोण से प्रारंभिक जाँच करती है।

समिति की संरचना में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों / संगठनों के तकनीकी और उस क्षेत्र के वित्तीय विशेषज्ञ शामिल होते हैं। प्रस्तुत परियोजना के प्रस्ताव पर अधिक स्पष्टता के लिए आवेदकों और / या प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को समिति के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति देने का मौका दिया जाता है, जिसके बाद एक प्रश्नावली होती है।

समिति के सुझाव / टिप्पणी के अनुसार, यदि मूल्यांकन के लिए अतिरिक्त जानकारी / विवरण या और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है, तो उसे कंपनी से इसकी माँग की जाती है।

यदि आवेदन टीडीबी की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो आईएससी आवेदक को लिखित कारण प्रदान करने के बाद आगे की प्रक्रिया के लिए आवेदन की सिफारिश नहीं कर सकता है।

1.5.4 परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी)

आईएससी की सिफारिशों के आधार पर, परियोजना स्थल का दौरा करने सहित अधिक विस्तृत मूल्यांकन के लिए आवेदन को परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी) को भेजा जाता है। प्रत्येक परियोजना के लिए, परियोजना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए एक पीईसी का गठन किया जाता है।

पीईसी में परियोजना के निष्पक्ष और स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए टीडीबी के बाहर से संबंधित क्षेत्र के डोमेन विशेषज्ञ (वैज्ञानिक / तकनीकी और वित्तीय) शामिल होते हैं। ये विशेषज्ञ (सेवारत या सेवानिवृत्त) सरकारी विभागों, अनुसंधान एवं विकास संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग, उद्योग संघों, वित्तीय संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों से संबंधित हो सकते हैं।

आवेदक को प्रौद्योगिकी प्रदाता (यदि कोई हो) के साथ परियोजना के वैज्ञानिक, तकनीकी, विपणन, वाणिज्यिक और वित्तीय पहलुओं पर उक्त समिति के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति देने का उचित अवसर दिया जाता है, ताकि वे परियोजना और कंपनी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन जानकारी प्रदान कर सकें।

1.5.5 परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी)

परियोजना प्रस्ताव की मंजूरी के लिए समय सीमा में सुधार करने के लिए, इस वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा एक परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) का गठन किया गया है। पीएसी का कार्य पीईसी की रिपोर्ट और जहाँ भी लागू हो, आकलन (ड्यू डिलिजेंस) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना और 20 करोड़ रू. तक के परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी देना है। ऐसे मामलों में जहाँ उचित विचार-विमर्श के बाद टीडीबी सहायता 20 करोड़ रू. से अधिक है, पीएसी विचार और अनुमोदन के लिए बोर्ड को प्रस्ताव की सिफारिश करती है।

1.5.6 ड्यू डिलिजेंस

पीईसी द्वारा अनुशंसित सभी परियोजना प्रस्ताव जहां टीडीबी की सहायता 10.00 करोड़ रू. से अधिक है, उसे तीसरे पक्ष के ड्यू डिलिजेंस के लिए संसाधित किया जाता है।

1.5.7 वित्तीय सहायता के लिए अंतिम स्वीकृति

ऊपर दर्शाये गये उचित प्रक्रिया को पूरा करने के बाद, कंपनी को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीईसी की सिफारिशों को पीएसी या बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

1.5.8 निगरानी और समीक्षा

टीडीबी लाभार्थियों को अनुमोदित वित्तीय सहायता राशियों को किस्तों में वितरित करता है जो पारस्परिक रूप से सहमत ऋण समझौते के अनुसार पूर्व-निर्धारित माइल-स्टोन के अनुपालन पर आधारित होती है। परियोजना निगरानी समिति द्वारा समय-समय पर परियोजना की निगरानी की जाती है। पीएमसी में वैज्ञानिक/तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञ शामिल हैं।

1.6 सक्रिय भूमिका

औद्योगिक संस्थानों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त आवेदनों का जवाब देने के अलावा, टीडीबी प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यीकरण के लिए व्यापक समर्थन सुनिश्चित करने हेतु एक अग्रसक्रिय भूमिका निभाता है। अधिदेश के तत्वावधान में टीडीबी ने विभिन्न पहलों के माध्यम से स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और वाणिज्यीकरण को प्रोत्साहित किया है। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

1.6.1 वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ) में भागीदारी

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने इस बात को महसूस किया कि कई तकनीकी परियोजनाएं वित्तीय संस्थानों और वाणिज्यिक बैंकों की पारंपरिक आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ हैं। वाणिज्यीकरण के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को सीधे समर्थन देने के अलावा, टीडीबी ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रित वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) को प्रोत्साहित करने के लिए अन्य संस्थानों के साथ नेटवर्किंग की आवश्यकता महसूस की कि पर्याप्त धन की कमी नवोन्मेषी और तकनीकी रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं के लिए बाधा नहीं हो सकती है।

इस प्रकार टीडीबी ने नवाचार और नवीन उत्पादों/ सेवाओं वाले एसएमई के माध्यम से प्रारंभिक चरण के उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए उद्यम पूंजी निधि में भाग लिया। टीडीबी की प्रेरणा और भागीदारी के परिणामस्वरूप वेंचर कैपिटलिस्ट टीडीबी के मिशन के लिए अपनी सहायता की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। बोर्ड ने वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी को टीडीबी के अधिदेश के भौगोलिक प्रसार को बढ़ाने के लिए विशेष रूप से एमएसएमई/ एसएमई श्रेणी में नवाचार और नवीन उत्पादों/सेवाओं वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों का समर्थन करने के लिए एक उपकरण के रूप में माना।

टीडीबी की पहल ने वेंचर कैपिटलिस्ट/प्राइवेट इक्विटी फंड्स को भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास चालक क्षेत्रों पर स्पष्ट जोर देने के साथ प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए बड़े पैमाने पर आने का भरोसा दिया है।

1.6.2 इनक्यूबेटर्स में स्टार्ट-अप के लिए मूल सहायता

वर्ष 2005 में, टीडीबी ने नवीन प्रौद्योगिकी उद्यम संबंधी विचारों के साथ युवा उद्यमियों को प्रारंभिक चरण/स्टार्ट-अप वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सीड सपोर्ट सिस्टम की स्थापना की ताकि विकास किया जा सके और उनके विचारों को विकास के तहत लाया जा सके और अंत में बाजार तक पहुंचाया जा सके। प्रस्तावित सहायता को प्रौद्योगिकियों के विकास और वाणिज्यीकरण के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए रखा गया था। डीएसटी के राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड (एनएसटीईडीबी) द्वारा नियंत्रित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क/ प्रौद्योगिकी बिजनेस इन्क्यूबेटर्स (एसटीईपी/ टीबीआई) में इनक्यूबेट किए गए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई थी।

31 मार्च, 2018 तक, टीडीबी ने 35 टीबीआई और एसटीईपी (4 टीबीआई/एसटीईपी को दो बार की वित्तीय सहायता सहित) को ₹1.00 करोड़ की वित्तीय सहायता के साथ कुल मिलाकर ₹35.00. करोड़ की सहायता दी है।

इन इन्क्यूबेटर्स ने टेलीकॉम, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, इंस्ट्रूमेंटेशन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, फार्मा, फूड, सोलर, टेक्सटाइल और बायोटेक्नोलॉजी

के क्षेत्रों में अपनी परियोजना के प्रसार के लिए कई इनक्यूबेटियों को सहायता प्रदान की है। इस योजना ने अच्छी प्रगति की और कई उद्यमियों को अप-स्केलिंग और संबंधित कार्यों में लाभान्वित किया। इसने इनक्यूबेटरों द्वारा इन्क्यूबेशन फण्ड के निर्माण में भी मदद की।

1.7 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

1.7.1 बीपीआई-फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी ने एक प्रबंध भागीदार के रूप में सीईएफआईपीआरए के साथ टीडीबी और बीपीआईफ्रांस के बीच नवीनीकृत समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार बीपीआई फ्रांस पूर्व नाम, ओएसईओ, फ्रांस के साथ अपने तकनीकी सहयोग को निरंतर बनाये रखा है। उक्त समझौते पर वर्ष 2016 में हस्ताक्षर किए गए और यह 5 साल की अवधि के लिए वैध है।

यह समझौता फ्रांस और भारत की कंपनियों, संगठनों और संस्थानों के बीच सहयोग के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में तकनीकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और समन्वित उपायों की स्थापना से संबंधित गतिविधियों को पूर्ण करने पर बल देता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैमानिकी, मोटर वाहन और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर प्रस्तावों को वित्त पोषित करना है।

1.7.2 अंतर्राष्ट्रीय विकास निगम (डीएफआईडी), यूके के साथ समझौता ज्ञापन

अंतर्राष्ट्रीय विकास निगम (डीएफआईडी), यूके के साथ साझेदारी में टीडीबी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजीज फॉर डेवलपमेंट (आईएनवीईएनटी/इन्वेंट) प्रोग्राम शुरू किया। इस प्रोग्राम की डिजाइन इस उद्देश्य से किया गया था ताकि तकनीकी और प्रक्रिया उन्मुख दोनों समावेशी नवाचार समाधानों, जिसका निम्न आय वर्ग के लोगों पर सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है, जिसे पिरामिड के निचले भाग (बीओपी) के रूप में भी जाना जाता है, की सहायता किया जा सके। भारत के 8 निम्न आय वाले राज्यों (एलआईएस) (यूपी, एमपी, बिहार, छत्तीसगढ़, जारखंड, राजस्थान, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल) में सहयोग शामिल है, लेकिन यह धन के प्रावधान, गहन सलाह, ज्ञान और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों तक पहुंच, सहायता सेवाओं और प्रासंगिक नेटवर्क तक सीमित नहीं है।

अंतिम उद्देश्य उपर्युक्त 8 एलआईएस में प्रभाव निवेश के लिए व्यवहार्य सामाजिक उद्यम पाइपलाइन बनाना था; 8 कम आय वाले राज्यों में लाभ के

लिए तैयार 50 निवेश सामाजिक उद्यम का सृजन करना; इन 8 निम्न आय वाले राज्यों में 160 उद्यमियों को सहायता करना था।

टीडीबी और मैसर्स विलग्रो इनोवेशन फाउंडेशन (वीआईएफ) के बीच वित्त वर्ष 2015-16 में एक समझौते को निष्पादित किया गया था, जिसमें विलग्रो को भारत के 8 एलआईएस में प्रभाव निवेश के लिए एक व्यवहार्य सामाजिक उद्यम (लाभ के लिए) पाइपलाइन बनाने के उद्देश्य से इन्क्यूबेशन संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए प्रमुख इनक्यूबेटर के रूप में कार्य करने के लिए चयन किया गया था। उद्यम विकास के सीड या प्रारंभिक अवस्थाओं में नवीन व्यवसायों को हैण्ड होल्ड हेतु एलआईएस में वीआईएफ समर्थित चार इन्क्यूबेटर अर्थात आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी), आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी), भुवनेश्वर में केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (केआईआईटी टीबीआई), आईआईटी कानपुर में सिडबी इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर (एसआईआईसी आईआईटीके) और स्टार्टअप ओएसिस (सीआईआईई, आईआईएम अहमदाबाद और आरआईआईसीओ(रीको) की पहल) जो व्यावसायिक रूप से सफल होने के दौरान भारत के एलआईएस में पिरामिड के निचले हिस्से को लाभान्वित करते हैं।

1.8 राष्ट्रीय सहयोग:

1.8 वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ)-इंडिया फॉर क्लाइमेट सॉल्वर पार्टनर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

नवाचार के क्षेत्र में भारत की ताकत को ध्यान में रखते हुए, जहां इसे ग्लोबल क्लीनटेक इनोवेशन इंडेक्स 2012 में 12वां स्थान दिया गया है, टीडीबी ने दिनांक 21 मई 2012 को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा लॉन्च किए गए क्लाइमेट सॉल्वर प्लेटफॉर्म में शामिल होने का फैसला किया।

भारत में, टीडीबी के अलावा, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), न्यू वेंचर्स इंडिया, सेंटर फॉर इनोवेशन इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (आईआईएम अहमदाबाद) और स्काईक्वेस्ट टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग प्रा. लिमिटेड ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

1.8.2 प्रौद्योगिकी सूचना पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टीआईएफएसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

टीडीबी और प्रौद्योगिकी सूचना पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टीआईएफएसी) ने डीएसटी के तहत एक स्वायत्त निकाय ने दिनांक 10 फरवरी, 2018 को 'परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी नवाचार' पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य नवीन तकनीकों की तलाश करना, स्वदेशी तकनीकों का वाणिज्यीकरण करना और ऐसी तकनीकों का वाणिज्यीकरण करने वाली कंपनियों में निवेश करना है। सहयोग के क्षेत्रों और कार्यक्षेत्र में निम्न शामिल हैं:

- निवेश प्रवृत्तियों और उनको संचालित करने वाली ताकतों के साथ उभरती हुई (कोर थ्रस्ट) प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की स्काउटिंग;
- उन प्रौद्योगिकियों की पहचान करना जिनमें सामाजिक और आख्यक वातावरण को बदलने की क्षमता और साथ ही साथ देश के बढ़ते युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार सृजित करने की क्षमता है;
- प्रौद्योगिकी को आसानी से अपनाने के लिए नीतिगत ढाँचा विकसित करना; चिह्नित किये गये क्षेत्र के लिए राष्ट्र में इसके वाणिज्यीकरण के लिए अग्रणी स्केलिंग और विनिर्माण ।

1.8.3 इनोवेटिव चेंज कोलैबोरेटिव (आईसीसीओ) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

टीडीबी और इनोवेटिव चेंज कोलैबोरेटिव (आईसीसीओ) इंडिया ऑर्गनाइजेशन, भारत में कार्यरत एक विकास संगठन है, जिसने दिनांक 6 मार्च, 2018 को 'ट्रांसफॉर्मेशनल एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी बिजनेस सॉल्यूशंस' विषय पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों के लिए स्काउट, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण और कंपनियों में निवेश करना है जो किसानों की आय को दोगुना करने की क्षमता प्रदर्शित करेगा। सहयोग के क्षेत्रों और कार्यक्षेत्र में निम्न शामिल हैं:

- प्री-हार्वेस्ट क्षेत्र, संबद्ध कृषि, फसल-पश्चात क्षेत्र में प्रासंगिक कृषि प्रौद्योगिकी व्यवसाय संबंधी समाधानों की खोज करना;
- उन प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक समाधानों की पहचान करना जो ग्रामीण आर्थिक वातावरण को परिवर्तित करने की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं और देश के ग्रामीण युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार का सृजन करते हैं।
- वाणिज्यिक और वित्तीय व्यवहार्यता के लिए उनकी प्रौद्योगिकी तत्परता और व्यवसाय मॉडल का मूल्यांकन करके किसानों की आय के स्तर में वास्तव में सुधार करने के लिए पहचाने गए डोमेन में रुचि रखने वाले कृषि-प्रौद्योगिकी व्यवसायों की क्षमता का मूल्यांकन करना।

1.8.4 पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

टीडीबी और पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने दिनांक 25 अप्रैल, 2018 को राष्ट्रीय महत्व की उभरती प्रौद्योगिकियों/ तकनीकी क्षेत्रों जैसे कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण, हेल्थकेयर और फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पानी और अपशिष्ट से ऊर्जा ऑटोमोबाइल, आदि क्षेत्रों की तलाश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। और उन्हें संचालित करने के कारकों की पहचान किया गया; इसके वाणिज्यीकरण के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी, अपस्केलिंग और विनिर्माण को आसानी से अपनाने के लिए नीतिगत ढांचे को भी विकसित किया गया। दोनों संगठन प्रौद्योगिकी संचालित परियोजनाओं के साथ उद्योगों की पहचान करने में सहयोग कर रहे हैं जिनके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव हो सकते हैं और तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घावधि के आधार पर रोजगार का सृजन कर सकते हैं।

1.8.5 एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी और एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने दिनांक 3 मई, 2018 को राष्ट्रीय महत्व की उभरती प्रौद्योगिकियों/ तकनीकी क्षेत्रों जैसे फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और निदान, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा और एयरोस्पेस विद्युत गतिशीलता और ऑटोमोबाइल; और उनको संचालित करने वाले कारकों की पहचान करना; साथ ही प्रौद्योगिकी को आसानी से अपनाने के लिए नीतिगत ढांचे का विकास करना, इसके वाणिज्यीकरण के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी की तलाश के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये । दोनों संगठन संगोष्ठी, संगोष्ठी और परियोजना-लेखन कार्यशालाओं के माध्यम से तत्काल, मध्यम-अवधि और दीर्घावधि आधार पर वाणिज्यिक परिणाम वाली प्रोटोटाइप प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी-संचालित परियोजनाओं वाली कंपनियों की पहचान करने के लिए निकट सहयोग में काम कर रहे हैं।

1.8.6 जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)

'स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण' के लिए विभिन्न उद्योग सहायक संगठनों के बीच तालमेल लाने के उद्देश्य से, दिनांक 7 सितंबर, 2018 को जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) और टीडीबी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे ताकि जैव चिकित्सा/जैव प्रौद्योगिकी नवाचारों, परिवर्तन और वाणिज्यीकरण के लिए एक निर्बाध तरीके से वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके और बढ़ावा दिया जा सके।

सहयोग के क्षेत्रा और इसके कार्यक्षेत्रा में निम्नलिखित शामिल हैं:

- बीआईआरएसी और टीडीबी नवाचार और वाणिज्यीकरण के बीच होने वाले अंतराल को दूर करने के लिए ठोस प्रयासों हेतु संयुक्त अंतर-संगठनात्मक तंत्रा को मजबूत करेंगे।
- पारस्परिक रूप से उन जैव प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के साथ सहमत हैं जो एक सहकारी शासन संरचना की स्थापना द्वारा निर्बाध मूल्यांकन और वित्त पोषण संबंधी सहायता विचारों के लिए संबंधित संगठनात्मक कार्यक्षेत्र में आ सकते हैं।
- प्रभावी निधीयन जुटाने और प्रौद्योगिकी तत्परता में होने वाले अंतराल को कम करने के लिए पार्टियां अपनी संबंधित संगठनात्मक क्षमता से लाभ उठाने के लिए एक तालमेल बनाएंगी।
- प्रति संदर्भ (क्रॉस रेफरेंस) के लिए परियोजनाओं का निर्णय एमओयू की क्रियाशील (ऑपरेटिव) अवधि के संबंध में आपसी समझ के आधार पर लिया जाएगा; जिसमें वित्तीय दायित्वों और सहयोग की सीमा शामिल है।
- इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से पार्टियां संयुक्त पहल की प्राप्ति के लिए ज्ञान का आधार, आंतरिक प्रक्रियाओं और परियोजना इनपुट को साझा करने के लिए संयुक्त रूप से सहमत हुई हैं।

1.9 गठबंधन

1.9.1 ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एलायंस (जीआईटीए)

भारत के औद्योगिक अनुसंधान और विकास प्रयासों में तेजी लाने हेतु व्यापार और उद्योग पर प्रधान मंत्री की परिषद के परिणामस्वरूप ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एलायंस (जीआईटीए) की स्थापना 2011 में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के बीच एक पीपीपी संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी।

जीआईटीए एक अभिनव मंच है जो प्रौद्योगिकी अंतराल को दूर करता है, दुनिया भर में उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करता है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उपयुक्त तकनीकी-रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी करता है। जीआईटीए प्रभावी तरीके से सहयोगी औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए औद्योगिक और संस्थागत भागीदारों को जोड़ता है, जिससे प्रौद्योगिकी विकास / अधिग्रहण / अनुकूलन / तैनाती के लिए वित्त पोषण की सुविधा मिलती है।

पिछले कुछ वर्षों में, जीआईटीए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) जैसे भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की साझेदारी के तहत विभिन्न राष्ट्रीय और द्विपक्षीय औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी अधिग्रहण परियोजनाओं का सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रहा है। जीआईटीए ने नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए यूरोपीय आयोग जैसे बहुपक्षीय निकायों के साथ भी सहयोग किया है।

आने वाले व्यवधानों ने सस्ती स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा और परिवहन सहित स्वच्छ प्रौद्योगिकियाँ, उन्नत विनिर्माण, पूँजीगत सामान क्षेत्र, रक्षा और एयरोस्पेस, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम), जल प्रौद्योगिकी (जल शुद्धिकरण, विलवणीकरण, सिंचाई प्रौद्योगिकी, अपशिष्ट जल उपचार और प्रबंधन सहित), आदि जैसे भारत की तकनीकी आकांक्षाओं के लिए राष्ट्रीय प्रासंगिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। जीआईटीए ने जीआईटीए इनोवेशन एक्सचेंज (जीआईएक्ससी) के साथ भारतीय नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र के साथ अपनी भागीदारी को भी व्यापक और औपचारिक बनाया है। जीआईएक्ससी एक विशिष्ट, आभासी मंच है जो नवोन्मेष स्पेक्ट्रम के भागीदारों के लिए तकनीकी साझेदारी, प्रौद्योगिकी, आईपी सेवाओं और नवप्रवर्तन के लिए वित्त के लिए विश्वसनीय कनेक्शन बनाने का प्रयास करता है।

डीएसटी का अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग अपनी जिम्मेदारियों के तहत विभिन्न द्विपक्षीय / बहुपक्षीय एसएंडटी सहयोग कार्यक्रम चलाता है। विभिन्न देशों के साथ इन द्विपक्षीय कार्यक्रमों का उद्देश्य एसटीआई डोमेन के भीतर पारस्परिक लाभ के लिए सामान्य हितों के क्षेत्र में भागीदार देशों के बीच सहयोगात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, विकसित करना और सुविधाजनक बनाना है। हाल तक कार्यक्रमों को ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए) द्वारा कार्यकारी भागीदार के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा था। वर्तमान में डीएसटी के द्विपक्षीय / बहुपक्षीय सहयोगात्मक औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का कार्य टीडीबी द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए 27 दिसंबर 2022 को टीडीबी और डीएसटी के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) प्रभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है।

1.9.2 मिलेनियम एलायंस (एमए)

मिलेनियम एलायंस (एमए) कार्यक्रम 2011 में टीडीबी, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से नवाचारों की पहचान करने, परीक्षण करने और स्केल करने के लिए एक मंच के रूप में शुरू किया गया था जो पिरामिड (बीओपी) स्तर के तल पर सुधार लाते हैं। यह एलायंस स्वास्थ्य, बुनियादी शिक्षा, जल और स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा/कृषि और स्वच्छ ऊर्जा सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक विकास के लिए एक नवाचार साझेदारी के रूप में बनाया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नवाचार का लाभ बीओपी आबादी तक पहुंचे। बाद में, यूके के डीएफआईडी, आईसीसीओ सहयोग, समावेशी विकास के लिए आईसीआईसीआई फाउंडेशन, विश्व बैंक समूह और फेसबुक इस मंच से जुड़ गए।

प्रत्येक एमए पार्टनर सामाजिक उद्यमों का समर्थन करने के अंतिम उद्देश्य के साथ वित्तीय और ज्ञान आधारित संसाधनों को साथ लाया जो परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। एमए भारत और दुनिया भर में बीओपी आबादी को लाभान्वित करने वाली विकास चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत में विकसित और परीक्षण किए जा रहे नये समाधानों की पहचान करने और उन्हें आकलन करने के लिए भारतीय रचनात्मकता, विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए एक समावेशी मंच था। एमए विभिन्न सामाजिक नवप्रवर्तकों, परोपकार संगठनों, सामाजिक उद्यम पूंजीपतियों, एंजेल निवेशकों, दानदाताओं, सेवा प्रदाताओं और कॉरपोरेट फाउंडेशनों को एक साथ लाने के लिए एक नेटवर्क था, ताकि नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) को वित्तीय और अन्य तरह की सहायता प्रदान की जा सके।

25 मिलिबन अमेरिकी डॉलर का एक फंड स्थापित किया गया था, जिसमें 25.00 करोड़ (5.00 करोड़ रू. प्रति वर्ष) रू. का योगदान दिया गया था। इस कार्यक्रम के तहत, नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) को सीड फंण्डिंग, अनुदान, इन्क्यूबेशन, नेटवर्किंग के अवसर, व्यवसाय सहायता, ज्ञान का आदान-प्रदान और तकनीकी सहायता प्रदान की गई, जो इक्विटी, ऋण और अन्य पूंजी तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है।

इस कार्यक्रम ने वर्ष 2018-19 में अपने 5 दौर पूरे किए। इन दौरों के माध्यम से, इस कार्यक्रम ने 86.7 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के साथ सीधे तौर पर 124 नवीन परियोजनाओं का समर्थन किया। इन परियोजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, किसानों की आय में वृद्धि की है, उन्हें प्रारंभिक कक्षा की शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, उनके घरों के लिए ऊर्जा, सस्ती और डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता सुविधाएं प्रदान की हैं।

समर्थित उद्यम बाह्य निधियों को जुटाने के साथ-साथ व्यापक और टिकाऊ परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भागीदारी विकसित करने हेतु उत्प्रेरक निधि के रूप में दिए गए अनुदान का लाभ उठाने में सक्षम थे। एमए द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं को भारत के 21 राज्यों में लागू किया गया था। फंड द्वारा 11 देशों में हस्तक्षेप का भी समर्थन किया। एमए अफ्रीका (केन्या, रवांडा, युगांडा, इथियोपिया, बुर्किना फासो और मलावी) और दक्षिण एशिया (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल) में 22 भारतीय कंपनियों को उनके नवाचारों को दोहराने और उनका विस्तार करने का समर्थन करने वाला अपनी तरह का एकमात्रा कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम ने पूरे दुनिया में सामाजिक क्षेत्रा में उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1.10 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कारों की प्रस्तुति

1.10.1 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

11 मई 1998 को भारत को भारतीय सेना की पोखरण रेंज में सफलतापूर्वक परमाणु मिसाइल परीक्षण करने की गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई थी। तब से, 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिकों, शोधकताओं, इंजीनियरों और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े अन्य सभी लोगों की उपलब्धियों को याद करना है। इसी दिन बेंगलुरु में पहले स्वदेशी विमान हंसा-3 का परीक्षण भी किया गया था।

इस विशेष दिन को मनाने के लिए, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), अपने अधिदेश के आधार पर, वर्ष 1999 से राष्ट्रीय पुरस्कारों के तत्वावधान में राष्ट्रीय विकास में मदद करने वाले तकनीकी नवोन्मेषों का सम्मान करता है।

1.10.2 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाने और तकनीकी उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार ने राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना की थी। यह पुरस्कार नवीन स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए विभिन्न उद्योगों को प्रदान किया जाता है।

यह पुरस्कार पहली बार 11 मई 1999 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर दिया गया था। भारत के तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 'रीकॉम्बिनेंट डीएनए बेस्ड हेपेटाइटिस - बी वैक्सीन' के व्यावसायिक उत्पादन के लिए पुरस्कार का पहला प्राप्तकर्ता मेसर्स शांता बायोटेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद था।

इस पुरस्कार में ₹10.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी दी गई थी। यदि किसी प्रौद्योगिकी को अलग-अलग संस्थाओं द्वारा विकसित और वाणिज्यीकरण किया गया है, तो दोनों अलग-अलग पुरस्कार पाने के पात्र हैं। 2016 में पुरस्कार की राशि बढ़ाकर ₹25.00 लाख कर दी गई।

प्रौद्योगिकी-आधारित उत्पाद का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण करने वाले लघु क्षेत्र उद्योग (एसएसआई) इकाइयों के लिए अगस्त 2000 में टीडीबी ने ₹2.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी देने की शुरूआत की है। पहला एसएसआई पुरस्कार 11 मई 2001 को दिया गया था। वर्ष 2011 में पुरस्कार की संख्या बढ़ाकर क्रमशः तीन और ₹5.00 लाख कर दी गई है।

2016 में, इस पुरस्कार का नाम बदलकर 'एमएसएमई पुरस्कार' कर दिया गया और राशि बढ़ाकर ₹15.00 लाख कर दी गई है।

वर्ष 2017-18 के दौरान, टीडीबी ने वाणिज्यीकरण की क्षमता वाली नई तकनीक के स्टार्ट-अप के लिए ₹15.00 लाख के पुरस्कार और एक ट्रॉफी की एक नई श्रेणी शुरू की है। इसके अलावा, बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2023 के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले पुरस्कारों की दो नई श्रेणियों को शामिल किया है। विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों का विवरण इस प्रकार है:

- ***राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार (मुख्य) (01)*** - स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल विकास और वाणिज्यीकरण की दिशा में काम करने वाली औद्योगिक इकाई को ₹25.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी; यदि प्रौद्योगिकी का विकास करने वाले और वाणिज्यीकरण करने वाले संगठन अलग-अलग हैं, तो प्रत्येक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी के लिए पात्र हैं;

- ***राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार (एमएसएमई) (03*)*** - स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्पाद का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण करने वाले एमएसएमई को ₹15.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी;
  * जिसमें 01 महिला नेतृत्व वाले एमएसएमई के लिए आरक्षित है।
- ***राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार (स्टार्ट-अप) (05**)*** - वाणिज्यीकरण की क्षमता वाले होनहार नई तकनीक के लिए ₹15.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी।
  ** जिसमें 01 महिला नेतृत्व वाले स्टार्ट-अप के लिए आरक्षित शामिल है।
- ***राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार (अनुवादात्मक अनुसंधान) (02***)*** - नवीन स्वदेशी प्रौद्योगिकी के वाणिज्यीकरण में वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए ₹5.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी।
  *** जिसमें 01 महिला वैज्ञानिक द्वारा अनुवाद अनुसंधान के लिए आरक्षित है।
- ***राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार (प्रौद्योगिकी बिजनेस इनक्यूबेटर) (01)*** - विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में नवीन प्रौद्योगिकी संचालित ज्ञान गहन स्टार्ट-अप उद्यमों को बढ़ावा देने के माध्यम से तकनीकी-उद्यमिता विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए ₹5.00 लाख का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी।

1.11 'प्रस्तावों के लिए आमंत्रण' जारी करना

बोर्ड एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाता है और भारत सरकार की नीतियों और पहल 'मेक इन इंडिया','स्टार्टअप इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' आदि के अनुसार हरित प्रौद्योगिकी, अपशिष्ट प्रबंधन, अंतरिक्ष और विमानन, फार्मास्युटिकल, कृषि और उन्नत सामग्री जैसे विभिन्न रणनीतिक क्षेत्रों में नवोन्मेष-संचालित प्रौद्योगिकी केंद्रित परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए समय-समय पर महत्व के विभिन्न क्षेत्रों से 'प्रस्तावों के लिए आमंत्रण' जारी करता है ताकि स्थानीय उद्योग को टीडीबी के समर्थन के इरादे से परिचित कराया जा सके।

1.12 विवाद समाधान समिति (डीआरसी)

कई मामलों को प्रौद्योगिकी विफलता या वाणिज्यीकरण विफलता के कारण तनावग्रस्त घोषित किया गया है। इन एनपीए/तनावग्रस्त मामलों, पूर्व-मुकदमेबाजी और मुकदमेबाजी के मामलों के कारण, बोर्ड ने वर्ष 2015 के अंत में 'विवाद समाधान समिति (डीआरसी)' का गठन करके ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए एक तंत्र की शुरूआत किया।

डीआरसी का उद्देश्य टीडीबी के बकाये राशि के भुगतान से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए कंपनियों को एक मंच प्रदान करना है। हालाँकि, डीआरसी कहीं भी टीडीबी द्वारा पहले से शुरू की गई कानूनी कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करता है। डीआरसी की सिफारिशों को अनुमोदन के लिए बोर्ड के समक्ष रखा जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, कई कंपनियों के साथ मुद्दों को सुलझाया गया है और इसकी वसूली की गई है।

1.13 प्रदर्शनियाँ / संगोष्ठियाँ

टीडीबी से उपलब्ध वित्तीय सहायता के बारे में उद्योग, उद्यमियों और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में जागरूकता पैदा करने के लिए, अन्य संगठनों के सहयोग से परस्पर क्रिया बैठकें/ प्रदर्शनियों में भागीदारी जैसी विभिन्न गतिविधियाँ की गईं।

1.14 सोशल मीडिया प्लेटफार्म

कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने, व्यापक कनेक्टिविटी प्राप्त करने और वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के महत्व को ध्यान में रखते हुए टीडीबी ने अपने स्वयं के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की आवश्यकता महसूस की और इसके आधिकारिक पेज निम्नानुसार बनाए:
फेसबुक: www.facebook.com/tdbgoi
लिंक्डइन: https://www.linkedin.com/in/technology-development-board/
ट्विटर: https://twitter.com/tdbgoi
इंस्टाग्राम: www.instagram.com/technologydevelopmentboard/
यूट्यूब: https://www.youtube.com/channel/Technology Development Board

टीडीबी वर्ष एक दृष्टि में

अध्याय 2: टीडीबी - वर्ष एक दृष्टि में

वित्त वर्ष 2022-23 में, टीडीबी ने 50 करोड़ रुपये योगदान के साथ 2000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) अर्थात आइवी कैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III में भागीदारी सहित, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए चौदह (14) समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों के माध्यम से टीडीबी ने विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हुए ₹2154.69 करोड़ की कुल परियोजना लागत में से वित्तीय सहायता के रूप में ₹107.36 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई है।

2.1 वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवेदन

इस वित्त वर्ष में, टीडीबी को कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 आवेदन नियमित पद्धति के तहत प्राप्त हुए और 112 आवेदन नीचे दिए गए के अनुसार विभिन्न प्रस्ताव आह्वानों के माध्यम से प्राप्त हुए:

i) कचरा मुक्त शहरों के लिए प्रौद्योगिकी उपाय
ii) अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र में वाणिज्यीकरण संभव बनाने के लिए अभिनव / स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ
iii) संवहनीय कृषि की दिशा में अभिनव प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण हेतु सहायता
iv) संवहनीयता के लिए हरित प्रौद्योगिकी का उपाय
v) फार्मास्यूटिकल्स नवोन्मेषों में वाणिज्यीकरण संभव बनाना
vi) उन्नत सामग्रियों में नवोन्मेषों के माध्यम से 'आत्मनिर्भरता' की ओर त्वरित कदम

2.2 प्राप्त आवेदनों का क्षेत्रवार विवरण:

वर्ष के दौरान प्राप्त 150 आवेदनों का क्षेत्रवार वितरण इस प्रकार है: (₹करोड़ में)

(₹करोड़ में)

क्र. संख्या	क्षेत्र	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से माँगी गई सहायता
1	कृषि और संबद्ध	20	627.58	169.42
2	रसायन	9	456.96	219.12
3	रक्षा और नागर विमानन	12	282.91	161.04
4	इलेक्ट्रॉनिक्स	2	19.88	9.59
5	उर्जा और अपशिष्ट उपयोग	55	1009.44	448.14
6	अभियांत्रिकी	18	300.92	88.85
7	स्वास्थ्य और चिकित्सा	25	2116.81	847.29
8	सूचना प्रौद्योगिकी	7	88.52	34.10
9	सड़क परिवहन	1	3.03	1.30
10	वस्त्र	1	16.45	9.50
	कुल	**150**	**4922.50**	**1988.35**

2.3 राज्यवार विवरण:

वर्ष के दौरान प्राप्त 150 आवेदनों का राज्यवार वितरण इस प्रकार है:

(₹करोड़ में)

आवेदनों की संख्या
अनुमानित कुल लागत
टीडीबी से माँगी गई सहायता



कुल योग 150 4922.50 1988.35

(₹ करोड़ में)

क्र. संख्या	राज्य और केंद्र शासित प्रदेश	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से माँगी गई सहायता
1	आंध्र प्रदेश	5	419.86	185.70
2	असम	1	8.67	3.45
3	चंडीगढ़	1	1.03	0.52
4	छत्तीसगढ़	2	14.22	1.80
5	दिल्ली	11	85.15	53.64
6	गोवा	1	1.00	0.45
7	गुजरात	9	429.92	203.01
8	हरियाणा	11	97.09	42.15
9	जम्मू कश्मीर	1	0.80	0.60
10	कर्नाटक	27	443.78	208.19
11	केरल	4	16.45	4.22
12	मध्य प्रदेश	2	21.12	10.15
13	महाराष्ट्र	31	634.33	226.06
14	उड़ीसा	2	15.27	5.65
15	पंजाब	1	1.52	0.25
16	राजस्थान	5	557.33	137.97
17	तमिलनाडु	11	307.22	104.58
18	तेलंगाना	19	1751.33	742.31
19	उत्तर प्रदेश	4	100.35	49.65
20	उत्तराखंड	1	13.00	6.50
21	पश्चिम बंगाल	1	3.06	1.50
	कुल योग	**150**	**4922.50**	**1988.35**

2.4 वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हस्ताक्षरित समझौते

इस वर्ष टीडीबी ने वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) में भागीदारी सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के साथ चौदह (14) समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं	कंपनी का नाम	परियोजना का नाम	क्षेत्र
1.	मेसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु	कण त्वरक के लिए एस बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रॉन का विकास और वाणिज्यीकरण	स्वास्थ्य और चिकित्सा
2.	मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु	रक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4जी / 5जी दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं की डिलीवरी के लिए गीगामेश समाधान का उत्पादीकरण और वाणिज्यीकरण	सूचना प्रौद्योगिकी
3.	मेसर्स क्रिट्सनाम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रांची, (झारखंड)	धारा स्मार्ट फ्लो मीटर का वाणिज्यीकरण	अभियांत्रिकी
4.	मेसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर	स्वदेशी रूप से विकसित पेटेंटेड हाइड्रोजन सेंसिंग और विश्लेषण प्रौद्योगिकी से प्राप्त अभिनव उत्पादों का वाणिज्यीकरण	उर्जा और अपशिष्ट उपयोग
5.	मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, सतारा, (महाराष्ट्र)	बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक विनिर्माण	उर्जा और अपशिष्ट उपयोग
6.	मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई	इजरायली प्रौद्योगिकी से उन्नत, गहन, सकल नर तिलपिया जलकृषि परियोजना	कृषि संबद्ध
7.	मैसर्स गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	एसयू-30एम के1 एयरक्राफ्ट के सहायक घटकों अर्थात रोटरी पाइप यूनियन और कवर आदि का क्रमशः महत्वपूर्ण मशीनन एवं जाँच प्रक्रिया द्वारा विकास, 1500 एचपी युद्ध टैंक इंजन के बाल्व ट्रेन घटक और नियमित वीईएमएल इंजनों के इंजन घटकों के वाल्व ट्रेन घटकों का विकास	अभियांत्रिकी
8.	मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई	संग्रह किट के लार प्रत्यक्ष नमूने का विकास और वाणिज्यीकरण	स्वास्थ्य और चिकित्सा
9.	मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई	आरओवी का वाणिज्यीकरण	अभियांत्रिकी
10.	मेसर्स साही फैब प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	स्टेम सामग्री के कृषि अपशिष्ट यथा औद्योगिक पटसन, सन और नेटल आदि का विकास और वाणिज्यीकरण।	उर्जा और अपशिष्ट उपयोग
11.	मेसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड राजेंद्र नगर, रंगारेड्डी जिला, (तेलंगाना)	कमरे के तापमान पर भंडारण और परिवहन के लिए त्वरित वास्तविक समय पीसीआर अभिकर्मकों का सत्यापन और वाणिज्यीकरण	स्वास्थ्य और चिकित्सा
12.	मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई (महाराष्ट्र)	विनिर्माण उद्योग में स्वचलन के लिए मशीन विजन और रोबोटिक्स प्रणाली का वाणिज्यीकरण	अभियांत्रिकी
13.	मैसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम	साइबर जोखिम का पता लगाना और स्वचलित प्रतिक्रिया सुरक्षा प्रणाली (एसआईईएम)	सूचना प्रौद्योगिकी
वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ)			
14.	आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III	वीसीएफ

2.5 संवितरण

वित्त वर्ष 2022-23 में, टीडीबी ने परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कुल ₹100.23 करोड़ वितरित किए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

क) चालू, नई परियोजनाओं और अन्य योजनाओं के लिए ₹64.98 करोड़ का संवितरण किया गया, जिसमें ₹14.92 करोड़ ऋण के रूप में, ₹0.005

करोड़ इक्विटी के रूप में और सीआईआईई-आईआईएम और आईवीकैप वेंचर को निवेश के लिए दिए गए ₹50.06 करोड़ शामिल है;

ख) 'फाइटिंग कोविड-19' प्रस्ताव आह्वान के लिए ₹35.25 करोड़ का संवितरण किया गया, जिसमें ₹35.00 करोड़ ऋण के रूप में और ₹0.25 करोड़ अनुदान के रूप में शामिल है।

2.6 पूर्ण की गई परियोजनाएँ

टीडीबी द्वारा सहायित निम्नलिखित कंपनियों ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी परियोजना पूरी होने की घोषणा की है:

क्र.सं	कंपनी का नाम	परियोजना का नाम	क्षेत्र
1	मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, दिल्ली	बीएस VI गुणवत्ता मानक वाली पिस्टन प्रौद्योगिकी अनुकूलन और विनिर्माण	अभियांत्रिकी
2	मेसर्स बोटलैब डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	3डी कोरियोग्राफ्ड ड्रोन लाइट शो के लिए 500-1000 ड्रोन से युक्त पुनः अनुरुपन योग्य झुंड उड्डयन प्रणाली का डिजाइन और विकास	अभियांत्रिकी
3	मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता	आवासीय और व्यावसायिक ऑडियो सेगमेंट के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान	अभियांत्रिकी
4	मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, बिजनौर (यूपी)	एसटीपी हरिद्वार में सीवेज आधारित बायोगैस संयंत्र से बायो सीएनजी का विकास और वाणिज्यीकरण	उर्जा और अपशिष्ट उपयोग

2.7 ऋण निपटान / भुगतान

इस वर्ष टीडीबी द्वारा वित्तपोषित निम्नलिखित कंपनियों ने अपना ऋण चुकाया / टीडीबी के साथ अपने ऋण खाते का निपटान किया:

क्र.सं	कंपनी का नाम	परियोजना का शीर्षक
1	मैसर्स ओमनीएक्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मुंबई	ल्यूटिन और अन्य कैरोटीनॉयड का उत्पादन करने के लिए कंजीलिंग तकनीक का उपयोग करके वाणिज्यिक संयंत्र की स्थापना
2	मेसर्स डबल डी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	एसआईएआईओएन कटिंग टूल इंसर्ट और अन्य उत्पादों का विनिर्माण और वाणिज्यीकरण
3	मेसर्स वर्डीन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद	कक्ष-तापमान लीड-एसिड बैटरी पुनः चक्रण संबंधी मालिकाना प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन
4	मेसर्स धामा इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद	क्लिमा वेयर-हीटिंग / कूलिंग उत्पाद एवं प्रणाली का विकास एवं वाणिज्यीकरण
5	मेसर्स ज्योति लिमिटेड, वडोदरा	850 किलोवाट पवन ऊर्जा कनवर्टर सिस्टम के डिजाइन, विकास, विनिर्माण और विपणन का विकास और वाणिज्यीकरण तथा पवन फार्म का विकास और विद्युत ऊर्जा उत्पादन के लिए इसका वाणिज्यीकरण
6	मेसर्स एक्यूस्टर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गाँव	इको स्मार्ट ब्लड केमिस्ट्री एनालाइजर के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का वाणिज्यीकरण
7	मेसर्स श्री कोरोटोमिक प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर	क्लिनिकल ट्रायल के लिए डीईबीईएल, डीआरडीओ को आपूर्ति हेतु 50 आईआरएस इकाइयों (कॉक्लियर इंप्लांट सिस्टम का महत्वपूर्ण घटक) का विनिर्माण
8	मेसर्स सहजानन्द लेजर टेक्नोलॉजी लिमिटेड, गाँधीनगर	फाइबर लेजर सिस्टम का वाणिज्यीकरण
9	मेसर्स डोरवेन एग्रो इको-बायो वेंचर प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई	प्रसंस्कृत मूल्यवर्धित केला-आधारित उत्पादों का विकास और वाणिज्यीकरण
10	मेसर्स वेम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद	आरएफ सीकर्स का विकास और वाणिज्यीकरण
11	मेसर्स एनरगोस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	ऊर्जा संबंधी आदर्तें बदलना

2.8 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2022 11 मई 2022 को नई दिल्ली में मनाया गया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। समारोह की थीम थी **'प्रगति – तकनीकी नवोन्मेषों के माध्यम से विकास के अवसरों को बढ़ावा देना'**। निम्नलिखित तीन श्रेणियों के तहत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार-2022 के दौरान निम्नलिखित विजेताओं को सम्मानित किया गया:

2.8.1 स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार

मेसर्स सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, गुजरात

सिरोलिमस एल्यूटिंग कोरोनरी स्टेंट सिस्टम: 'सुप्राफ्लेक्स क्रूज' जो रोगी के सुरक्षा के साथ स्टेंट पहुँचाने में चिकित्सकों की मदद करता है।

मेसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, महाराष्ट्र

ऑक्टामैक्स ® के लिए क्रैक्ड सी4 स्ट्रीम को हाई-ऑक्टेन गैसोलीन में बदलने के लिए एक स्वदेशी तकनीक।

2.8.2 प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए एमएसएमई श्रेणी के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार



मेसर्स आजाद इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद

स्वयं के डिजाइन, फोर्जिंग डाई, टूलिंग और फिक्स्चर का उपयोग करके टरबाइन ब्लेड को फोर्जिंग और मशीनिंग करने की स्वदेशी प्रक्रिया

2.8.3 निम्नलिखित कंपनियों / स्टार्टअप्स को वाणिज्यीकरण की क्षमता वाली आशाजनक नई-प्रौद्योगिकी के विकास के लिए स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कार

मेसर्स अज़ूका लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक

आरएनए डब्लूआरएपीआर - आणविक ग्रेड नमूना संग्रह और भंडारण किट

मेसर्स क्यूनू लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु

क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन और क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर में उत्पाद के लिए

मेसर्स प्रयास्टा 3डी इन्वेंशन्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर

रपचर-फ्री और सुटुएबल 3डी मुद्रित स्तन प्रत्यारोपण और कृत्रिम अंग।

मेसर्स जॉयड लैब्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, केरल

इलेक्ट्रॉनिक्स असेंबली रोबोट- प्लेसरबॉट - सटीक और किफायती इलेक्ट्रॉनिक्स असेंबली के लिए विजन सहायता प्राप्त एआई संचालित रोबोट।
डेस्कटॉप पिक और प्लेस मशीन
डेस्कटॉप रीफ्लो ओवन

मेसर्स मल्लीपथरा न्यूट्रास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक

गुर्दा, यकृत कैंसर और अन्य वायरल संक्रमणों से संबंधित विकारों के लिए सहायक चिकित्सा के रूप में महँगे लुप्तप्राय मशरूम से युक्त कृत्रिम खेती और उत्पादों का निर्माण

1. कॉर्डिसेप्स फ्रूटिंग बॉडी
2. कॉर्डिसेप्स इन्फ्यूजन
3. कॉर्डिसेप्स कैप्सूल

मेसर्स स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, तेलंगाना

छोटे उपग्रह प्रक्षेपण बाजार की जरूरतों को पूरा करने वाली क्रायोजेनिक, तरल और ठोस प्रणोदन प्रौद्योगिकियाँ

मेसर्स एचटीपीकार्ट टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान

वाईजंगल, एक एकीकृत साइबर सुरक्षा प्लेटफार्म जो संगठनों को एक ही विंडो के माध्यम से अपने पूरे नेटवर्क को प्रबंधित और सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।

2.9 वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ) में भागीदारी

टीडीबी ने अब तक (31 मार्च, 2023 तक) अन्य निवेशकों के साथ 12 वेंचर कैपिटल फंड्स में भाग लिया है, जिसमें इसकी कुल प्रतिबद्धता ₹335.00 करोड़ है, और अन्य निवेशकों से कुल ₹4281.77 करोड़ (जैसा कि निवेश प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत किया गया है) प्राप्त हुआ है, तथा इसने अपने प्रतिबद्ध संवितरण के रुप में ₹308.13 करोड़ का वितरण किया है और इन फंडों को निकास आय से ₹294.43 करोड़ की राशि प्राप्त की है। वीसीएफ में भागीदारी के माध्यम से, टीडीबी के फंड को करीब 218 कंपनियों में निवेश किया गया है।

इस वर्ष ऋण मोचन के लिए ₹25.30 करोड़ प्राप्त हुए हैं। विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

(₹करोड़ में)

क्र.सं	निधि का नाम	निवेश प्रबंधक	कुल निधि	टीडीबी की प्रतिबद्धता	वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान प्रतिपूर्ति के लिए प्राप्तियाँ
1	बायोटेक्नोलॉजी वेंचर फंड	एपीआईडीसी वेंचर कैपिटल लिमिटेड, हैदराबाद	155.00	30.00	--
2	एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड	गुजरात वेंचर फाइनेंस लिमिटेड (जीवीएफलएल), अहमदाबाद	89.32	15.00	--
3	आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड आई-I	आईवीकैप वेंचर्स एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	238.20	25.00	5.73
4	मल्टी सेक्टर सीड कैपिटल फंड	ब्लूम वेंचर्स एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	100.00	25.00	--
5	एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ-II	राजस्थान एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान	150.00	15.00	2.71
6	सीफ इंडिया एग्रोबिजनेस फंड	सीफ इंडिया इंवेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	106.25	25.00	0.09
7	इंडिया अपरच्यूनिटिज फंड	सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड, फंड	421.30	25.00	11.61
8	वेंचरईस्ट टेनेट फंड-II	वेंचरईस्ट फंड एडवाइजर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई	54.45	15.00	4.41
9	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी (आईइई ट्रस्ट)	सीआईआई, आईआईएम अहमदाबाद	125.00	10.00	0.75
10	आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड आई-III	आइवीकैप वेंचर्स एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	2000.00	50.00	--
		कुल			**25.30**

अध्याय 3

हस्ताक्षरित करार

मेसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर

क्षेत्र: स्वास्थ्य और चिकित्सा

3.1 कंपनी सिंहावलोकन:

बैंगलोर स्थित मेसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वाली ग्राहक-केंद्रित प्रौद्योगिकी-आधारित कंपनी है। नवोन्मेष और क्लिनिकल समाधानों पर ध्यान देने के साथ, यह कंपनी विशेष रूप से रेडियोथेरेपी और रेडियोलॉजी के क्षेत्र में स्वदेशी चिकित्सा उपकरण विकसित करने में प्रमुख कंपनी है। कैंसर के चिकित्सकीय पहचान और उपचार में विशेषज्ञता वाले पैनेसिया को एशिया में रेडियोथेरेपी उपकरण के अग्रणी निर्माता और पाँच प्रमुख वैश्विक कंपनियों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

25 मई, 2022 को मेसर्स पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने 487.00 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ समझौता किया। यह ऋण मालूर, कर्नाटक में स्थित **'कण त्वरक के लिए एस बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रॉन के विकास और वाणिज्यीकरण'** नामक एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 973.00 लाख रुपए है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य सीएसआईआर, सीईईआरआई, पिलानी से प्राप्त प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए कण त्वरक के लिए एस बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रॉन का विकास और वाणिज्यीकरण करना है। पैनेसिया को हस्तांतरित यह अभिनव तकनीक मेक इन इंडिया पहल के तहत मेडिकल लीनियर एक्सेलेरेटर (एलआईएनएसी) के लिए मैग्नेट्रॉन के निर्माण को सक्षम बनाती है।

क्रॉस-फील्ड तकनीक के सिद्धांत पर काम करने वाला मैग्नेट्रॉन, एक प्रकार का वैक्यूम ट्यूब उपकरण है जो लंबवत विद्युत और चुंबकीय क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनों की गति का उपयोग करके माइक्रोवेव विकिरण उत्पन्न करता है। यह विकिरण चिकित्सा, एनडीटी (गैर-विनाशकारी परीक्षण) और अन्य संबंधित अनुप्रयोगों हेतु रैखिक त्वरक में आरएफ पावर स्रोत उत्पन्न करने, के लिए महत्वपूर्ण है। पैनेसिया ने रैखिक त्वरक और उप-प्रणालियों के साथ मैग्नेट्रोन के संयोजन, परीक्षण और एकीकरण को सहायित करने के लिए क्लीन रूम लैब्स, निम्न और उच्च-शक्ति परीक्षण सेटअप और उच्च-ऊर्जा एक्स-रे बंकर सुविधाओं सहित विशेष सुविधाओं का निर्माण किया है।

महत्व:

दुनिया भर में रैखिक त्वरकों, औद्योगिक ताप उपकरण, रडार सिस्टम और चिकित्सा अनुप्रयोग सहित विभिन्न उद्योगों में मैग्नेट्रॉन की माँग बहुत अधिक है। वैश्विक बाजार पर मुख्य रूप से इंग्लैंड और जापान का प्रभुत्व है, जिनकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 80% से 90% है। यह पहल भारत को इस वैक्यूम ट्यूब डिवाइस का उत्पादन करने में सक्षम तीसरे देश के रूप में मानचित्र पर लाती है। वर्तमान में, देश की अर्थव्यवस्था ऐसे महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर करती है, जिसके परिणामस्वरूप अच्छी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश के बाहर चली जाती है। इस मुद्दे का समाधान करना अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की भारत सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप है।

मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु

क्षेत्र: सूचना प्रौद्योगिकी

3.2 कंपनी सिंहावलोकन:

बेंगलुरु में स्थित मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी की स्थापना मई 2015 में हुई थी। इसका CIN U72200KA2015PTC080449 है और यह कंपनी मिलीमीटर वेव वायरलेस संचार समाधान में विशेषज्ञता रखती है। यह कंपनी डॉ. नेहा सातक और डॉ. प्रसाद एच एल भट्ट के नेतृत्व में संचालित है। इसका पंजीकृत और प्रशासनिक कार्यालय तीसरी मंजिल, एमआरके टॉवर, #69/बी, द्वितीय चरण, वेस्ट ऑफ कॉर्ड रोड, बसवेश्वर नगर, बैंगलोर, कर्नाटक-560086 में स्थित है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने 23.07.2022 को मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ **'रक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 4जी/5जी दूरसंचार और इंटरनेट सेवाएँ प्रदान करने के लिए गीगामेश समाधान का उत्पादन और वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 1979.08 लाख रुपये की कुल परियोजना लागत में 297.60 लाख रुपये की ऋण सहायता के लिए समझौता किया।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस प्रस्ताव के मूल में गीगामेश समाधान का विकास और उसके बाद वाणिज्यीकरण निहित है। यह अभिनव समाधान रक्षा और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में 4जी/5जी दूरसंचार और इंटरनेट सेवाएँ प्रदान करने की जटिल माँग को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह परियोजना दूरसंचार साइटों पर उच्च क्षमता, लंबी दूरी के वायरलेस संचार के बुनियादी ढाँचे की महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ पारंपरिक फाइबर-आधारित समाधानों को लागत बाधाओं और प्रतिबंधित पहुँच जैसी व्यावहारिक सीमाओं का सामना करना पड़ता है।

महत्व:

एस्ट्रोम का गीगामेश समाधान दूरसंचार परिदृश्य के पुनर्निर्धारण के लिए डिजाइन की गई प्रमुख विशेषताओं की पेशकश करता है:

- **बहु-बिन्दु संचार:** गीगामेश डिवाइस आसानी से आसपास के कई गीगामेश रेडियो से एक साथ संचार करते हुए प्रत्येक लिंक के लिए समझौता रहित डेटा थ्रूपुट सुनिश्चित करते हैं।
- **स्वचलित सर्वेक्षण:** गीगामेश डिवाइस प्रारंभिक तैनाती के दौरान स्वचालित एंटीना सर्वेक्षण और बाद में फॉल्ट की घटनाओं के दौरान खुद को पुनः संरेखित करते हैं।
- **विस्तार में आसानी:** यह समाधान सरल सॉफ्टवेयर कमांड के माध्यम से नए टावरों के साथ लिंक स्थापित करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है।
- **इंटेलिजेंट पावर आवंटन:** गीगामेश गतिशील पावर आवंटन, सेवा स्तर समझौतों (एसएलए) का अनुकूलन और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करता है।
- **समय और लागत दक्षता:** फाइबर के बराबर डेटा थ्रूपुट के साथ तेजी से ग्रामीण नेटवर्क परिनियोजन की सुविधा प्रदान करके, गीगामेश समाधान उल्लेखनीय 6 कारक से परिनियोजन लागत को काफी कम कर देता है।
- **5जी कनेक्टिविटी:** गीगामेश को पारंपरिक फाइबर वाले बुनियादी ढाँचे की लागत के एक अंश पर 5जी साइटों पर बहु-जीबीपीएस नेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो फ्रंटहॉल, मिडहॉल और बैकहॉल सहित कई नेटवर्क भूमिकाओं का समर्थन करता है।

एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज गीगामेश को दूरसंचार क्षेत्र में परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में देखती है, जो विशेष रूप से 5जी तकनीक की माँग में कुशल, उच्च क्षमता वाले कनेक्टिविटी समाधान की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

मेसर्स क्रिट्सनाम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रांची, झारखंड

क्षेत्र: अभियांत्रिकी

3.3 कंपनी सिंहावलोकन:

मेसर्स क्रिट्सनाम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय रांची, झारखंड में स्थित है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का सहयोग जल संसाधन प्रबंधन नवोन्मेष और तकनीकी उन्नति के लिए प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कंपनी डेटा-संचालित समाधानों के माध्यम से जल प्रबंधन में माहिर है, जो जल उपयोगकर्ताओं को इस अमूल्य संसाधन का संरक्षक बनने के लिए सशक्त करती है। कंपनी ने हाइड्रोलिक्स, हाइड्रोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी और एनालिटिक्स में विशेषज्ञता विकसित की है और अपने ग्राहकों को छेड़छाड़-रोधी जल डेटा और मूल्य-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करती है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

16 अगस्त 2022 को मेसर्स क्रिट्सनाम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने **'धारा स्मार्ट फ्लो मीटर का वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ साझेदारी की। इस परियोजना के लिए 825.46 लाख रुपये की कुल लागत में से टीडीबी से 329.60 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त की गई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना की गतिविधियाँ व्यावसायिक व्यवहार्यता के लिए **'धारा स्मार्ट फ्लो मीटर'** लाने में मदद कर सकती हैं। इस तकनीक में जल प्रवाह की वास्तविक समय की निगरानी के लिए डिजाइन की गई एकीकृत प्रणाली शामिल है, जिसमें अत्याधुनिक द्वि-बीम अल्ट्रासोनिक फ्लोमीटर का उपयोग किया जाता है। धारा स्मार्ट फ्लो मीटर का उपयोग पेयजल आपूर्ति, भूजल निष्कर्षण, औद्योगिक जल उपयोग और सटीक सिंचाई सहित अनेक क्षेत्रों में किया जाता है। यह सिस्टम सेंसर से डेटा कैप्चर करके उसे डिवाइस के भीतर संग्रहीत करता है, और बाद में व्यापक विश्लेषण के लिए क्लाउड सर्वर पर प्रसारित करता है। समग्र जल प्रबंधन के लिए इस परिष्कृत डेटा को हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर पर समन्वित करते हुए उपयोगकर्ता अनुकूल डैशबोर्ड के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है।

महत्व:

धारा स्मार्ट फ्लो मीटर की विशेषताएँ:

- **बहु-प्रोटोकॉल क्षमता:** डिवाइस विभिन्न संचार प्रोटोकॉल जैसे सेल्युलर, लोरा, वाईफाई और अन्य को एकीकृत करता है, जिससे डेटा का निर्बाध संचरण सुनिश्चित होता है।
- **आइओटी आर्किटेक्चर:** इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) के सिद्धांतों पर निर्मित, यह डिवाइस निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी के लिए बुद्धिमतापूर्ण संचार सर्किट को अपनाता है।
- **पेटेंट मान्यता:** कंपनी को धारा स्मार्ट फ्लो मीटर के भीतर एम्बेडेड नवोन्मेष के लिए 'दोहरे इंटेलिजेंस और दोहरी शक्ति के साथ लो-पावर, मल्टीप्रोटोकॉल कम्युनिकेशन आइओटी डिवाइस' शीर्षक से भारतीय पेटेंट (नंबर 358066) प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, धारा स्मार्ट फ्लो मीटर आईएसओ 4064 मानकों का पालन करता है और केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) द्वारा उल्लिखित विशिष्टताओं के साथ संरेखित है। यह परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से जल प्रबंधन प्रथाओं को उन्नत करने की दिशा में उल्लेखनीय छलांग है।

मेसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र

क्षेत्र: ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग

3.4 कंपनी सिंहावलोकन:

मेसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नागपुर, महाराष्ट्र में स्थित है और इसे अप्रैल 2017 में स्थापित किया गया था। कंपनी तेजी से नई सेंसिंग प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, विशेष रूप से हाइड्रोजन विश्लेषण और सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी के रूप में उभरी है। श्री अशोक कुमार और श्री शशांक कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में, कंपनी महत्वपूर्ण ऊर्जा और सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए तकनीकी उन्नयन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

16 अगस्त, 2022 को, मेसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने **'स्वदेशी रूप से विकसित पेटेंटकृत हाइड्रोजन सेंसिंग और विश्लेषण प्रौद्योगिकी से उत्पन्न अभिनव उत्पादों का वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ हाथ मिलाया। कंपनी को 329.60 लाख रुपये की ऋण सहायता प्रदान की गई है, जो परियोजना की कुल लागत 680.60 लाख रुपये में योगदान है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का फोकस **'स्वदेशी रूप से विकसित पेटेंटकृत हाइड्रोजन सेंसिंग और विश्लेषण प्रौद्योगिकी से उत्पन्न अभिनव उत्पादों का वाणिज्यीकरण'** करना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य बढ़ती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में आधुनिक अनुप्रयोगों को पूरा करने वाले उन्नत हाइड्रोजन विश्लेषण सेंसर विकसित करना और उन्हें बाजार में लाना है। इसके अतिरिक्त, वे सेंसर तेल से ठंडी होने वाली विद्युत संपत्तियों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

मौजूदा संसाधनों की सीमाओं के साथ-साथ ऊर्जा की बढ़ती वैश्विक माँग ने वैकल्पिक ईंधन की अत्यधिक आवश्यकता पैदा कर दी है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था के आशाजनक पहलू के रूप में उभरी है, जिसमें हाइड्रोजन को एक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा वाहक के रूप में देखा जा रहा है जो पानी के अलावा कुछ भी उत्सर्जित किए बिना वाहनों को संचालित करने में सक्षम है। हालाँकि, हाइड्रोजन गैस की ज्वलनशील प्रकृति के कारण इसके सुरक्षित उपयोग के लिए परिष्कृत और अत्यधिक प्रभावी सेंसर की आवश्यकता है।

महत्व:

मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज की अभिनव सेंसिंग तकनीक, रूपांतरण में ऊर्जा की हानि को कम करने और सबसे सस्ती लागत पर हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर और ईंधन सेल की दक्षता में सुधार कर सकती है। इस तकनीक का विभिन्न ऊर्जा उत्पादन विधियों में व्यापक अनुप्रयोग है, जैसे:

- पारंपरिक विद्युत स्रोत इलेक्ट्रोलिसिस
- सौर ऊर्जा संचालित इलेक्ट्रोलिसिस
- ईंधन सेल का उपयोग करके विद्युत उत्पादन
- जैसे-जैसे स्वच्छ ऊर्जा के लिए वैश्विक प्रयास तेज हो रहा है, मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजीज का प्रयास ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, उत्सर्जन को कम करने और हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने की अनिवार्यता के साथ जुड़ गया है।

मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र

क्षेत्र: ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग

3.5 कंपनी सिंहावलोकन:

महाराष्ट्र के सतारा में स्थित मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग क्षेत्र में काम करता है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का सहयोग प्लास्टिक विनिर्माण उद्योग में अग्रणी संवहनीय समाधानों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाराष्ट्र में स्थापित कंपनी राजारामबापू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में उद्भवित यह कंपनी नवोन्मेषी बायोडिग्रेडेबल विकल्पों के माध्यम से एकल-उपयोग प्लास्टिक से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए समर्पित है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

16 अगस्त 2022 को मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने **'बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक विनिर्माण'** नामक परियोजना को प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीबीडी) के साथ साझेदारी में शुरू किया है। इस परियोजना की कुल लागत 240.54 लाख रुपये है, जिसमें 115.00 लाख रुपये की ऋण सहायता दी गई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का मुख्य फोकस **'बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक विनिर्माण'**के इर्द-गिर्द है। भारत में 1 जुलाई, 2022 को लागू हुए एकल-उपयोग प्लास्टिक पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध की प्रतिक्रिया में कंपनी ने अभिनव विकल्प विकसित किया है। इस विकल्प में मक्के के स्टार्च से प्राप्त खाद बनाने योग्य प्लास्टिक सामग्री का निर्माण शामिल है। इसका परिणामी उत्पाद एक मिश्रित सामग्री है जो तुलनीय सुदृढ़ता बनाए रखते हुए मौजूदा खाद बनाने योग्य प्लास्टिक की तुलना में एक किफायती समाधान प्रस्तुत करता है। विकसित सामग्री थर्मोप्लास्टिक स्टार्च (टीपीएस) और ग्लिसरीन का अनूठा मिश्रण है, जिसे विशिष्ट रासायनिक संशोधनों के साथ बेहतर बनाया गया है, जिससे यह अधिक मजबूत है, और इसकी विनिर्माण लागत कम है। इस सम्मिश्रण से उत्पन्न दानों को विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न आकारों में ढाला जा सकता है। एक बार त्याग दिए जाने के बाद, सामग्री बायोडिग्रेडेबल पदार्थों में टूट जाती है, जो अधिक टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन में योगदान करती है।

महत्व:

इस नवोन्मेषी बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक सामग्री को पेश करके मेसर्स टीजीपी बायोप्लास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने पारंपरिक एकल-उपयोग प्लास्टिक से जुड़े महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान किया है। यह उत्पाद प्लास्टिक कचरे को कम करने और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। पारंपरिक प्लास्टिक के साथ तुलनीय मजबूती और स्थायित्व प्रदान करने की क्षमता के साथ, बायोडिग्रेडेबल सामग्री विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक विकल्प प्रदान करती है।

मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई

क्षेत्र: कृषि और संबद्ध

3.6 कंपनी सिंहावलोकन:

भारत में जलीय कृषि और कृषि में क्रांति लाने की दृष्टि से स्थापित नवी मुंबई स्थित मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड कृषि क्षेत्र में कार्यरत है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का सहयोग जलीय कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक जलीय कृषि में एक दशक से अधिक के अनुभव के साथ कंपनी अब इजरायली तकनीक का उपयोग करके उन्नत गहन जलीय कृषि में कदम रख रही है, जो भारतीय जलीय कृषि उद्योग में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

17 अगस्त, 2022 को मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने 'जलीय कृषि परियोजना इजराइली प्रौद्योगिकी के साथ उन्नत, गहन' सकल नर तिलपिया नामक परियोजना के कार्यान्वयन को सहायित करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ ऋण समझौता किया। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2978.84 लाख रुपये में ऋण सहायता के रुप में इसे 842.00 लाख रुपये की प्राप्ति हुई। इस अग्रणी परियोजना का लक्ष्य भारत में जलीय कृषि के माध्यम से तिलापिया के उन्नत, गहन उत्पादन के लिए पहला संगठित सेटअप स्थापित करना है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

परियोजना का मुख्य फोकस जलीय कृषि के लिए उन्नत इजराइली तकनीक को अपनाने पर है। यह तकनीक अक्टूबर 2020 में हस्ताक्षरित प्रौद्योगिकी सेवा समझौते के तहत एक्वाकल्चर प्रोडक्शन टेक्नोलॉजीज (इजराइल) लिमिटेड (एपीटीआईएल), इजराइल से हासिल की गई थी। यह परियोजना शुष्क परिस्थितियों और नदियों से मौसमी जल आपूर्ति वाले भू-आबद्ध क्षेत्रों के लिए डिजाइन की गई है। प्रस्तावित बंद-लूप कृषि प्रणाली को भारत के कई पर्याप्त जल स्रोतों वाले शुष्क क्षेत्रों में दोहराया जा सकता है।

महत्व:

यह परियोजना 500 टन तिलापिया के वार्षिक उत्पादन लक्ष्य के साथ, प्रजनन से लेकर पूर्ण विकसित मछली तक संपूर्ण उत्पादन लाइन की स्थापना की कल्पना करती है।

तिलापिया उत्पादन में आयातित मूल ब्रूडस्टॉक 'हेर्मोन' का उपयोग होता है, जो तिलापिया के दो चयनित उपभेदों का एक संकर है जो अपनी उच्च विकास दर, कम तापमान के प्रतिरोध, आकर्षक रंग और हार्मोन के बिना सभी नर फ्राई संतान पैदा करने की अनूठी विशेषता के लिए जाना जाता है। प्रौद्योगिकी और उत्पादन प्रक्रिया को भूमि की उपलब्धता, जल आपूर्ति, मौसम, स्थानीय संसाधन, मिट्टी और स्थलाकृति जैसे कारकों पर विचार करते हुए भारतीय स्थलों की स्थितियों के अनुसार सावधानीपूर्वक अनुकूलित किया जाता है।

इस परियोजना की इंजीनियरिंग में निरंतर पानी की उपलब्धता, 150 से 180 दिनों के उत्पादन चक्र के दौरान मछली की वृद्धि, मछली की चारा आवश्यकताओं और मछली मलमूत्र (सकल अमोनिया नाइट्रोजन - टैन) का प्रबंधन शामिल है। मूविंग बेड बायोफिल्म रिएक्टर सहित जल उपचार सुविधा पानी की गुणवत्ता और पोषण संबंधी पहलुओं को बनाए रखते हुए मछली के लिए स्वच्छ और तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित करती है।

मेसर्स गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद

क्षेत्र: अभियांत्रिकी

3.7 कंपनी सिंहावलोकन:

1988 में स्थापित, मेसर्स गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीपीपी) इंजीनियरिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कंपनी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी की हालिया साझेदारी तकनीकी उन्नति और नवोन्मेष के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। गाजियाबाद से परिचालन करते हुए कंपनी ने भारत में कई स्थानों पर विस्तार किया है और खुद को सटीक वाल्व ट्रेन घटकों, चेसिस पार्ट्स, सटीक कास्टिंग, फोर्जिंग और कई अन्य सामग्री के निर्माता के रूप में स्थापित किया है, और यह कंपनी मुख्य रूप से ऑटोमोटिव उद्योग को आपूर्ति करती है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

12 सितंबर, 2022 को मेसर्स गाजियाबाद प्रिसिजन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने **'एसयू-30एमके1 विमान के सहायक घटकों की क्रिटिकल मशीनिंग और निरीक्षण प्रक्रिया द्वारा विकास, 1500 एचपी बैटल टैंक इंजन के वाल्व ट्रेन घटक, और नियमित बीईएमएल इंजन के इंजन घटक'** नामक परियोजना को निष्पादित करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ समझौता किया। इस परियोजना की कुल लागत 1420.00 लाख रुपये है, जिसमें इसे 550.00 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त हुई है। 21 जुलाई, 2024 तक इस परियोजना के पूरा होने का अनुमान है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का सार रक्षा क्षेत्र में हाई-प्रोफाइल अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण घटकों के विकास और विनिर्माण में निहित है, इस प्रकार यह **'मेक इन इंडिया'** पहल का समर्थन करता है। जीपीपी को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक लिमिटेड (एचएएल) द्वारा एसयू-30एमके1 विमान, विशेष रूप से रोटरी पाइप यूनियन और कवर के लिए महत्वपूर्ण मशीनी घटकों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत विक्रेता के रूप में चुना गया है।

इसी तरह, जीपीपी ने वाल्व ट्रेन घटकों के विकास और आपूर्ति के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के साथ साझेदारी की है। ये घटक भारतीय सेना के भीतर बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों (एएफवी) के लिए डिजाइन किए गए 1500 एचपी, 12बोल्ट, 25 लीटर क्षमता वाले डीजल इंजन के लिए आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, जीपीपी नियमित बीईएमएल इंजनों के लिए वाल्व ट्रेन घटकों की आपूर्ति के लिए बीईएमएल के साथ सहयोग कर रहा है, और भारतीय सेना की आवश्यकताओं में योगदान दे रहा है।

महत्व:

एचएएल और बीईएमएल के साथ यह सहयोग रक्षा क्षेत्र के स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। एसयू-30एमके1 विमान, युद्धक टैंक इंजन और नियमित इंजन के लिए महत्वपूर्ण घटकों को विकसित करने में जीपीपी की भागीदारी स्थानीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की भारत की कार्यनीति के अनुरूप है। इन उच्च-प्रदर्शन मशीनों के इष्टतम प्रदर्शन और विश्वसनीयता के लिए इन घटकों की सटीकता और गुणवत्ता आवश्यक है।

मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई

क्षेत्र: स्वास्थ्य और चिकित्सा

3.8 कंपनी सिंहावलोकन:

चेन्नई स्थित मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का हालिया सहयोग अभिनव प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को आगे विकसित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभिन्न कार्यनीतिक स्थानों पर अपनी उपस्थिति के साथ यह कंपनी आणविक निदान करने और संक्रामक रोग स्क्रीनिंग में क्रांति लाने के प्रति समर्पित है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

31 अक्टूबर, 2022 को मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने **'लार प्रत्यक्ष नमूना संग्रह किट का विकास और वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए टीडीबी के साथ भागीदारी की। इस परियोजना की कुल लागत 900.00 लाख रुपये है, जिसमें इस परियोजना को 400.00 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त हुई।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का सार आणविक परिवहन मीडिया (एमटीएम) से सुसज्जित क्रांतिकारी लार संग्रह किट का विकास और वाणिज्यीकरण है। इस नवोन्मेष का उद्देश्य संक्रामक रोगों का आणविक निदान करना और कैंसर की जाँच को आगे बढ़ाना है। पारंपरिक तरीकों के विपरीत, एमटीएम आरएनए पृथक्करण की आवश्यकता को समाप्त करके प्रयोगशाला प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और डीएनए पृथक्करण की सुविधा प्रदान करता है।

एमटीएम की अभिनवता संग्रह के समय वायरस को निष्क्रिय करने की क्षमता में निहित है, जिससे आकस्मिक संक्रमण फैलने का जोखिम कम हो जाता है। यह सुविधा पारंपरिक वायरल ट्रांसपोर्ट मीडिया (वीटीएम) की महत्वपूर्ण चिंता का समाधान करती है, जो प्रयोगशाला में प्रयोगों के दौरान वायरस को व्यवहार्य बनाए रखती है। एमटीएम तकनीक नमूना संग्रह के दौरान रोगी की सुविधा में सुधार करती है और जाँच के दायरे को बढ़ाती है। इसके अलावा, एमटीएम नमूना के परिवहन के दौरान तापमान संरक्षण की कड़ी आवश्यकता को समाप्त करता है, जिससे यह दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आदर्श समाधान बन जाता है।

क्रिविडा लार डायरेक्ट किट में लार संग्रह फनेल, लीक-प्रूफ कैप के साथ एक नमूना ट्रांसपोर्ट ट्यूब और अद्वितीय आणविक परिवहन माध्यम शामिल है। इस माध्यम में प्रोटीन डिनाट्यूरेंट, कैओट्रोपिक एजेंट और रिड्यूसिंग एजेंट जैसे आवश्यक घटक शामिल हैं, जो कुशल आणविक निदान को संभव बनाते हैं।

महत्व:

मेसर्स क्रिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के नवोन्मेष में संक्रामक रोग का निदान करने और कैंसर स्क्रीनिंग में क्रांति लाने की क्षमता है। जटिल प्रोटोकॉल की आवश्यकता के बिना सटीक आणविक निदान सक्षम करके एमटीएम सुसज्जित लार संग्रह किट प्रयोगशाला प्रक्रियाओं को सरल और तेज करती है। इस प्रौद्योगिकी की स्व-संग्रह कार्यरीति न केवल जाँच के दायरे में सुधार करती है बल्कि रोगी के आराम को भी ध्यान में रखती है, जिससे स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ हो जाती है।

मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई

क्षेत्र: अभियांत्रिकी

3.9 कंपनी सिंहावलोकन:

चेन्नई स्थित मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड गहन तकनीकी नवोन्मेषों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंजीनियरिंग क्षेत्र में कार्यरत है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का सहयोग निरीक्षण-रखरखाव-मरम्मत (आईएमआर) उद्योग के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक्स और एआई-सक्षम डिजिटल एनालिटिक्स प्लेटफार्म विकसित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों पर जोर देने के साथ प्लैनिस टेक्नोलॉजीज का लक्ष्य उन्नत अंडरवाटर रोबोटिक्स के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति लाना है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

20 दिसंबर, 2022 को, मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने **'आरओवी के वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए टीडीबी के साथ साझेदारी की। इस परियोजना की कुल लागत 306.00 लाख रुपये है, जिसमें इसे 150.00 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त हुई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना में बंदरगाहों, प्रक्रिया उद्योग संयंत्रों, नागरिक संरचनाओं के निरीक्षण और निगरानी में विशिष्ट अनुप्रयोगों के साथ रिमोट से संचालित वाहनों (आरओवी) का विकास और इंटरनेट ऑफ अंडरवाटर थिंग्स (आईओयूटी) प्लेटफार्म की स्थापना शामिल है।

- **बंदरगाहों और टर्मिनलों के लिए आरओवी:** प्लैनीस टेक्नोलॉजीज का लक्ष्य बंदरगाहों और टर्मिनलों पर इस्पात संरचनाओं के संक्षारण की निगरानी के लिए उन्नत जलमग्न गैर-विनाशकारी परीक्षण (एनडीटी) तकनीक विकसित करना है। यह तकनीक समुद्री झाड़-झंखाड़ को साफ करने की आवश्यकता को समाप्त कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक तरीकों की तुलना में लागत प्रभावी, सुरक्षित और तेज निरीक्षण होता है।
- **प्रक्रिया उद्योग के लिए आरओवी:** इस परियोजना में ऐसी जलमग्न रोबोटिक प्रणाली की अभियांत्रिकी शामिल है जो प्रक्रिया उद्योग में टैंकों को बंद करने की आवश्यकता के बिना बेस प्लेट की एनडीटी स्कैनिंग करने में सक्षम है। इस नवोन्मेष से भारत में कई प्रक्रिया उद्योगों को लाभ होगा, यह पहली बार होगा कि कोई फ्री-फ्लोटिंग आरओवी इसे हासिल कर पाएगा।
- **नागरिक संरचनाओं के लिए आरओवी:** प्लैनिस टेक्नोलॉजीज का इरादा कंक्रीट संरचनाओं की अखंडता परीक्षण के लिए उन्नत जलमग्न एनडीटी तकनीक विकसित करना है। ये तकनीकें पानी में डूबी कंक्रीट संरचनाओं के अंदर दोषों का पता लगाने में सक्षम होंगी। दोष परिमाणीकरण के लिए लाइन लेजर में उन्नत करने की कंपनी की यह योजना अद्वितीय सटीकता और गहन मूल्यांकन का वादा करती है।
- **इंटरनेट ऑफ अंडरवाटर थिंग्स (आईओयूटी) प्लेटफार्म:** कंपनी का अग्रणी आईओयूटी प्लेटफार्म वास्तविक समय में बुनियादी ढाँचे की निगरानी पर केंद्रित है। यह नवोन्मेष संभावित रूप से महासागरों से डेटा संग्रह और निगरानी में काफी बदलाव ला सकता है, खासकर जब 5जी जैसी तकनीक अधिक प्रचलित हो गई है। रेलवे और राजमार्ग जैसे क्षेत्रों के साथ चर्चा से परिशोध, झुकाव और बाढ़ नियंत्रण को वास्तविक समय में आकलन के लिए इस मंच की क्षमता का संकेत मिलता है।

महत्व:

अत्याधुनिक रोबोटिक्स और डिजिटल एनालिटिक्स के प्रति मेसर्स प्लैनिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की प्रतिबद्धता के दूरगामी प्रभाव हैं। इस परियोजना के माध्यम से विकसित आरओवी संक्षारण निगरानी, गैर-विनाशकारी परीक्षण और संरचनात्मक अखंडता का मूल्यांकन करने सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, आईओयूटी प्लेटफार्म वास्तविक समय में निगरानी और डेटा संग्रह के लिए नए रास्ते खोलता है, जो परिवहन और बुनियादी ढाँचा जैसे क्षेत्रों को प्रभावित करता है।

मैसर्स साहीफैब प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली

क्षेत्र: उर्जा और अपशिष्ट उपयोग

3.10 कंपनी सिंहावलोकन:

नई दिल्ली स्थित मेसर्स साहीफैब प्राइवेट लिमिटेड ने कृषि अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग के लिए अभिनव समाधान की पेशकश की है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ इस कंपनी का सहयोग संधारणीय प्रथाओं और कृषि अपशिष्ट से मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

28 मार्च, 2023 को मेसर्स साहीफैब प्राइवेट लिमिटेड ने **'स्टेम सामग्री के कृषि अपशिष्ट का विकास और वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना के लिए कुल परियोजना लागत रु. 208.00 लाख रुपये में से 138.00 रुपये की ऋण सहायता के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ एक समझौता किया।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का उद्देश्य औद्योगिक पटसन, सन और बिच्छू बूटी जैसी कृषि अपशिष्ट स्टेम सामग्री से कपासयुक्त औद्योगिक पटसन फाइबर, लिनन फाइबर और संबंधित उत्पादों का विकास और वाणिज्यीकरण करना है। टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल फाइबर बनाने के लिए इन अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग कपड़ा उद्योग और विभिन्न डाउनस्ट्रीम उत्पादों में योगदान करने की क्षमता रखता है।

औद्योगिक पटसन (आईहेम्प) न्यूनतम टेट्राहाइड्रोकैनाबिनॉल (टीएचसी) सामग्री के साथ कैनबिस सैटिवा की एक किस्म है, जो इसे औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयुक्त बनाती है। हालांकि आईहेम्प के बीजों के पोषण संबंधी लाभों को मान्यता दी गई है, तथापि, संवहनीय फाइबर का एक समृद्ध स्रोत होने के बावजूद तना का काफी हद तक अप्रयुक्त रहा। इस फाइबर में सेलूलोज, हेमिसेल्यूलोज, पेक्टिन, लिग्निन और कई अनुप्रयोगों वाले अन्य यौगिक पाए जाते हैं। इसका प्राकृतिक जीवाणुरोधी गुण और यूवी किरण प्रतिरोध इसे कपड़ों के लिए आकर्षक विकल्प बनाता है। इसके अलावा, आईहेम्प की खेती के लिए कपास की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है, कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, और बेहतर कार्बन पृथक्करण प्रदर्शित होता है।

मेसर्स साहीफैब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित इस तकनीक का उद्देश्य आईहेम्प के तनों से रेशा निकालना है, जो कपड़ा निर्माण में कपास के रेशे को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है। इस तकनीक का उपयोग करके कंपनी जल संरक्षण, चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रथाओं और किसानों की आय बढ़ाने में योगदान देती है। यह अभिनव दृष्टिकोण भारत सरकार के राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति (एनपीएमसीआर) के साथ संरेखित है, जो अपशिष्ट प्रबंधन और संवहनीय कृषि प्रथाओं, दोनों से संबंधित है।

महत्व:

मेसर्स साहीफैब प्राइवेट लिमिटेड की इस परियोजना में पर्यावरण और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव की महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। कृषि अपशिष्ट को मूल्यवान कपड़ा फाइबर में परिवर्तित करके यह कंपनी संसाधन संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन कम करने और किसानों की आजीविका बढ़ाने में योगदान देती है। राष्ट्रीय नीतियों के साथ इस प्रौद्योगिकी का तालमेल कृषि और कपड़ा क्षेत्रों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों के समाधान में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करता है।

मैसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद

क्षेत्र: स्वास्थ्य और चिकित्सा

3.11 कंपनी सिंहावलोकन:

हैदराबाद, तेलंगाना स्थित मेसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत है, और उन्नत आणविक निदान किट और अभिकर्मकों के विकास और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। मजबूत वैज्ञानिक आधार के साथ यह कंपनी विभिन्न अनुप्रयोगों में उच्च गुणवत्ता वाले निदान समाधान और अभिकर्मक प्रदान करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

29 मार्च, 2023 को मेसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने **'कमरे के तापमान पर भंडारण और परिवहन के लिए रैपिड रीयल-टाइम पीसीआर अभिकर्मकों के प्रमाणीकरण और वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना के निष्पादन के लिए टीडीबी के साथ समझौता किया। इस परियोजना की कुल लागत 4000.00 लाख रुपये है, जिसमें परियोजना को 1500.00 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त हुई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संक्रमणों, आनुवांशिक बीमारियों और कैंसर का तेजी से वास्तविक समय पीसीआर (आरटी-पीसीआर) पता लगाने के लिए कक्ष तापमान-स्थिर अभिकर्मकों को विकसित करके उसका वाणिज्यीकरण करना है। इस नवोन्मेष का उद्देश्य विशेष रूप से विविध जलवायु और सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में शून्य से कम तापमान पर पारंपरिक आरटी-पीसीआर किटों के परिवहन और भंडारण की चुनौतियों का समाधान करना है।

कक्ष तापमान पर स्थिर अभिकर्मक कई प्रमुख लाभ प्रदान करते हैं:

- रैपिड आरटी-पीसीआर 30-35 मिनट के भीतर पूरा हो जाता है।
- लियोफिलाइज्ड प्रारूप, भंडारण और परिवहन के दौरान कमरे के तापमान पर स्थिर रहता है।
- किफायती और उपयोगकर्ता अनुकूल है।
- उच्च संवेदनशीलता और विशिष्टता है।
- क्षेत्र में परीक्षण और मल्टीप्लेक्स अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त है।
- ओपन प्लेटफॉर्म आरटी-पीसीआर मशीनों के साथ सुसंगत है।

लियोफिलाइजेशन और स्थिरता अध्ययन सहित पूरी प्रक्रिया कंपनी के अंदर ही की जाती है। जो स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

महत्व:

मेसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड की यह परियोजना चिकित्सकीय रोग निदान क्षेत्र में महत्वपूर्ण संभावनाएँ रखती है। कमरे के तापमान पर आरटी-पीसीआर परीक्षण को सक्षम करने से, खासकर चुनौतीपूर्ण लॉजिस्टिक स्थितियों वाले क्षेत्रों में कंपनी का नवोन्मेष कुशल और किफायती चिकित्सकीय रोग निदान करने की सुविधा प्रदान करता है। यह सफलता मौजूदा चिकित्सकीय रोग निदान सुविधाओं के उपयोग को बढ़ाती है और अन्य संक्रमणों, आनुवांशिक बीमारियों और कैंसर सहित कोविड -19 से बाहर विस्तारित जाँच के रास्ते खोलती है। इस परियोजना के माध्यम से मेसर्स ह्यूवेल लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड का लक्ष्य कमरे के तापमान पर स्थिर आरटी-पीसीआर अभिकर्मकों और किटों के व्यावसायिक उत्पादन के लिए अत्याधुनिक सीजीएमपी विनिर्माण सुविधा स्थापित करना है। यह सुविधा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी, जिससे उन्नत आणविक तरीके से रोग निदान करने के क्षेत्र में वैश्विक कंपनी के रूप में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी।

मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र

क्षेत्र: अभियांत्रिकी

3.12 कंपनी सिंहावलोकन:

मुंबई, महाराष्ट्र स्थित मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड इंजीनियरिंग क्षेत्र में कार्यरत हैं, और स्वचलन उद्योगों के लिए अत्याधुनिक एआई और रोबोटिक्स सिस्टम के विकास और नियोजन में विशेषज्ञता रखती है। यह कंपनी विनिर्माण और औद्योगिक प्रक्रियाओं में स्वचलन और दक्षता बढ़ाने के लिए मशीन विजन और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवोन्मेष में सबसे आगे रही है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

31 मार्च, 2023 को मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने **'विनिर्माण और उद्योग में निरीक्षण स्वचलन के लिए मशीन विजन और रोबोटिक्स सिस्टम का वाणिज्यीकरण'** नामक परियोजना के निष्पादन के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ समझौता किया। इस परियोजना की कुल लागत 589.00 लाख रुपये है, जिसमें इसे 412.30 लाख रुपये की ऋण सहायता प्राप्त हुई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

इस परियोजना का लक्ष्य विनिर्माण उद्योग में निरीक्षण प्रक्रियाओं को स्वचलित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए मशीन विजन और रोबोटिक्स सिस्टम के बड़े पैमाने पर विनिर्माण और वाणिज्यीकरण की सुविधा प्रदान करना है। इस कंपनी ने सफलतापूर्वक स्वदेशी समाधान विकसित किए हैं जो उद्योगों और रेलवे सहित विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में गुणवत्ता आश्वासन और निरीक्षण प्रणालियों के प्रत्यक्ष स्थानापन्न के रूप में काम करते हैं। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की सहायता से कार्यान्वित कंपनी की इस परियोजना में कई प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं:

- वैगन निरीक्षण, खनन उद्योग में थर्मल डिटेक्शन, छलनी विश्लेषण और ऑटोमोबाइल उद्योग में प्री-डिलीवरी निरीक्षण जैसी स्वचलन चुनौतियों के लिए आयात-स्थानापन्न समाधान विकसित करना।
- अल्ट्राटेक (आदित्य बिड़ला), बिड़ला कॉपर यूनिट, महिंद्रा इगतपुरी और अन्य सहित ग्राहक साइटों पर विकसित प्रणालियों की तैनाती।
- पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन, एल्गोरिदम और विकसित उत्पादों का संयोजन करना।
- उद्योग और रेलवे क्षेत्र में स्वचलन के लिए एआई और रोबोटिक्स सिस्टम को साकार करने के लिए महाराष्ट्र में विनिर्माण स्थल की स्थापना करना।

महत्व:

मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की यह परियोजना विनिर्माण और औद्योगिक स्वचलन के परिदृश्य को बदलने की महत्वपूर्ण क्षमता रखती है। अत्याधुनिक मशीन विजन और रोबोटिक्स समाधान पेश करके यह कंपनी गुणवत्ता नियंत्रण, निरीक्षण और प्रक्रिया अनुकूलन से संबंधित महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करती है। इस परियोजना का प्रभाव विनिर्माण, खनन और परिवहन सहित कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जो बढ़ी हुई दक्षता, सटीकता और समग्र परिचालन उत्कृष्टता में योगदान देता है। इस परियोजना के माध्यम से मेसर्स एमएलआईटी-18 टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का लक्ष्य स्वदेशी एआई और रोबोटिक्स समाधानों का वाणिज्यीकरण करके स्वचलन उद्योग में खुद को एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्थापित करना है। नवोन्मेष और तकनीकी उन्नति के प्रति इस कंपनी की प्रतिबद्धता विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण और औद्योगिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण सुधार लाने के उसके दृष्टिकोण के अनुरूप है।

मेसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम

क्षेत्रः सूचना प्रौद्योगिकी

3.13 कंपनी सिंहावलोकनः

गुरुग्राम स्थित मेसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सक्रिय गतिशील स्टार्ट-अप है। यह कंपनी मिशन-महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा सॉफ्टवेयर उत्पादों और सहायक सेवाओं पर दृढ़ फोकस करने के साथ एंटरप्राइज-ग्रेड सॉफ्टवेयर उत्पादों और समाधानों को विकसित करने और वितरित करने के लिए समर्पित है। कंपनी का लक्ष्य अभिनव प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर साइबर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए मजबूत और प्रभावी समाधान प्रदान करना है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौताः

31 मार्च, 2023 को टीडीबी ने मेसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के साथ इसके **'साइबर जोखिम पहचान और स्वचलित प्रतिक्रिया सुरक्षा प्रणाली एसआईईएस'** के वाणिज्यीकरण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया है। बोर्ड ने कुल परियोजना लागत ₹367.78 लाख में से ₹183.89 लाख की सहायता को मंजूरी दी।

परियोजना और उत्पाद के बारे में

इस कंपनी की परियोजना उन्नत सुरक्षा इंसिडेंट और इवेंट मैनेजमेंट (एसआईईएम) प्रणाली के प्रावधान पर केंद्रित है, जिसे विशेष रूप से अप्रत्याशित हमलों का मुकाबला करने, जोखिम सतर्कता क्षमताओं को बढ़ाने, व्यवहार संबंधी विसंगतियों का पता लगाने, फाइल फोरेंसिक करने और मैलवेयर से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इस परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य संगठनों के साइबर सुरक्षा बुनियादी ढाँचे और क्षमताओं को मजबूत करना है, जिससे उभरते साइबर खतरों के खिलाफ उनके मुकाबले की समग्र बढ़ सके। इस कंपनी का प्रमुख उत्पाद टीबीएसआईईएम, साइबर जोखिम का पता लगाने और स्वचलित प्रतिक्रिया सुरक्षा प्रणाली का प्रतिनिधित्व करता है। सुरक्षा सूचना और इवेंट मैनेजमेंट (एसआईईएम) प्लेटफार्म के रूप में काम करते हुए, टीबीएसआईईएम संगठनों को व्यापक क्षमता प्रदान करता है। टीबीएसआईईएम की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं:

- **जोखिम का पता लगानाः** वास्तविक समय में सुरक्षा घटनाओं और घटनाक्रम का विश्लेषण करके अप्रत्याशित हमलों सहित संभावित साइबर जोखिम की पहचान करना और उनका जवाब देना।
- **जोखिम सतर्कताः** उभरते जोखिम और कमजोरियों की सक्रियता से पहचान करने के लिए जोखिम सतर्कता स्रोतों को एकीकृत करना।
- **व्यवहार विसंगति का पता लगानाः** नेटवर्क के भीतर असामान्य पैटर्न और व्यवहार का पता लगाना जो सुरक्षा में सेंध का संकेत दे सकता है।
- **फाइल फोरेंसिकः** दुर्भावनापूर्ण सामग्री की उपस्थिति निर्धारित करने और किसी घटना के दायरे को समझने के लिए फाइलों का विस्तृत विश्लेषण करना।
- **मैलवेयर से बचावः** दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर का पता लगाने, रोकने और असर कम करके मैलवेयर हमलों से बचाव करना।
- **विषम नेटवर्क सुरक्षाः** विविध और जटिल नेटवर्क वातावरणों में प्रभावी सुरक्षा उपायों को सक्षम करना।

महत्वः

टीबीएसआईईएम का कार्यान्वयन संगठनों की साइबर सुरक्षा स्थिति पर गहरा प्रभाव डालता है। सुरक्षा सुविधाओं का व्यापक सुइट पेश करके यह परियोजना साइबर जोखिम से जुड़ी बढ़ती चुनौतियों का सीधे समाधान करती है। संगठन अपने रक्षा तंत्र को मजबूत करने, खतरों का अधिक कुशलता से पता लगाने और प्रतिक्रिया देने और उपयोगकर्ताओं, डेटा और अनुप्रयोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टीबीएसआईईएम का उपयोग कर सकते हैं। यह कंपनियों को सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए रणनीतिक पहल और डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त करता है। मेसर्स टेकब्रिजसॉफ्ट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड की यह परियोजना साइबर सुरक्षा के उभरते परिदृश्य के अनुरूप है। साइबर जोखिम की बढ़ती जटिलता को देखते हुए उन्नत सुरक्षा समाधान विकसित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता इसे उद्योग में महत्वपूर्ण कंपनी के रूप में स्थापित करती है। जैसे-जैसे संगठन साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं, टीबीएसआईईएम जैसे व्यापक और प्रभावी समाधानों की माँग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे कंपनी के विकास और विस्तार के अवसर पैदा होंगे।

3.14 वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ) में भागीदारी

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) तकनीकी नवोन्मेष को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमों के विकास का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण के लिए उद्योगों को सीधे सहायित करने के अलावा टीडीबी प्रौद्योगिकी-केंद्रित वेंचर कैपिटल फंड्स (वीसीएफ) के साथ सक्रिय रूप से नेटवर्किंग में संलग्न है।

इस कार्यनीतिक पहल का उद्देश्य शुरूआती चरण के ऐसे उद्यमों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को सहायित करना है, जो अपने उत्पादों और सेवाओं में नवोन्मेष और व्यवहार्यता प्रदर्शित करते हैं।

आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III में टीडीबी की भागीदारी

वर्ष के दौरान, टीडीबी ने आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III में भागीदारी की, जो तकनीकी रूप से उन्मुख उद्यम पूँजी निधि का प्रतिनिधित्व करता है, और शुरूआती चरण के उद्यमों को बढ़ावा देने और उन्हें सशक्त करने पर केंद्रित है। इस फंड का प्रबंधन मेसर्स आइवीकैप वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 1000 करोड़ रुपये का अच्छा-खासा निवेश कोष है और ग्रीन शू विकल्प के माध्यम से 1000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूँजी जुटाने की क्षमता है।

इसके अलावा, यह फंड नवोन्मेषी एसएमई की पहचान करने, उनमें निवेश करने और मार्गदर्शन करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है।

इस उद्यम की क्षमता को पहचानते हुए टीडीबी ने 50 करोड़ रुपये की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ फंड में अपनी भागीदारी संस्तुति की है।

अंशदान समझौते पर हस्ताक्षर:

आईवीकैप वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (फंड III) के साथ जुड़ने में टीडीबी का सक्रिय दृष्टिकोण 15 नवंबर 2022 को अंशदान समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ साकार हुआ। यह समझौता उद्यम में टीडीबी की भागीदारी को मजबूत करता है, जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवोन्मेष-संचालित उद्यमों का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अध्याय 4

पूर्ण की गई परियोजनाएँ

मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता

मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, बिजनौर (यूपी)

मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, दिल्ली

मेसर्स बोटलैब डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली

मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता

क्षेत्रः अभियांत्रिकी

4.1 कंपनी सिंहावलोकनः

मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय कोलकाता में स्थित है। दिनांक 07.12.2016 को मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज ने **'आवासीय और व्यावसायिक ऑडियो सेगमेंट के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान'** नामक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए समझौता किया। इस परियोजना को टीडीबी से 500.00 लाख रुपये की ऋण सहायता स्वीकृत की गई थी।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौताः

07.12.2016 को मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने **'आवासीय और व्यावसायिक ऑडियो सेगमेंट के लिए विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर समाधान'** नामक परियोजना शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ भागीदारी की थी।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

यह परियोजना प्रमुख प्रौद्योगिकी सुविधाओं पर केंद्रित है, जिसमें एसएमपीएस-आधारित हल्के एम्पलीफायर और बिजली आपूर्ति डिजाइन सहित ध्वनिक वेवगाइड, एल्यूमीनियम डाई-कास्ट एन्क्लोजर्स, डिजिटल एम्पलीफायर, डीएसपी-आधारित क्रॉसओवर डिजाइन और इक्वलाइजेशन, डिजिटल इंटरफेस (यूएसबी, ऑप्टिकल, एचडीएमआई), ब्लूटूथ और वाई-फाई-सक्षम स्पीकर भी शामिल हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य इन प्रौद्योगिकियों पर निर्मित उत्पादों के वाणिज्यीकरण को सुविधाजनक बनाना है, जिनमें शामिल हैं:

- आवासीय अनुप्रयोगों के लिए कॉम्पैक्ट वायरलेस स्पीकर।
- उच्च प्रदर्शन वाले डिजिटल होम थिएटर।
- डिजिटल नेटवर्किंग के साथ एम्पलीफायर।
- डिजिटल स्टूडियो मॉनीटर।
- डिजिटल सिनेमा के लिए लाउडस्पीकर।

प्रत्येक उत्पाद स्वदेशी विकास प्रयासों का परिणाम है, जो मुख्य रूप से आयातित समकक्षों की तुलना में महत्वपूर्ण मूल्य लाभ प्रदान करता है। इस परियोजना के पूरा होने से वाणिज्यिक संचालन शुरू हो गया है, जिससे ऑडियो हार्डवेयर क्षेत्र में कंपनी की भूमिका और मजबूत हो गई है।

महत्व और प्रभावः

मेसर्स सोनोडाइन टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित विशेष डिजिटल ऑडियो हार्डवेयर उन्नत और नवोन्मेषी ऑडियो समाधानों की आवश्यकता को पूरा करता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सुविधाओं को एकीकृत करके यह परियोजना आवासीय और पेशेवर ऑडियो आवश्यकताओं, दोनों को पूरा करने वाले उत्पादों के निर्माण को सक्षम करती है। इसके अलावा, स्वदेशी रूप से विकसित समाधानों पर इस परियोजना का जोर लागत-प्रभावशीलता में योगदान देता है और 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा को मजबूत करता है।

मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, दिल्ली

क्षेत्र: अभियांत्रिकी

4.2 कंपनी सिंहावलोकन:

दिल्ली स्थित मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ कंपनी का सहयोग नवोन्मेष और उत्कृष्टता के प्रति उसके समर्पण को रेखांकित करता है। 24 मार्च, 2018 को किए गए समझौते के माध्यम से इस कंपनी ने **'बीएस VI गुणवत्ता मानक पिस्टन की प्रौद्योगिकी अनुकूलन और विनिर्माण'** नामक परियोजना शुरू की थी। इस प्रयास की कुल परियोजना लागत 1682.72 लाख रुपये में टीडीबी से 841.36 लाख रुपये की पर्याप्त ऋण सहायता प्राप्त हुई थी।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौता:

मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड ने **'बीएस VI गुणवत्ता मानक पिस्टन के प्रौद्योगिकी अनुकूलन और विनिर्माण'** परियोजना शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की थी। 24 मार्च, 2018 को शुरू हुई इस परियोजना को टीडीबी से 841.36 लाख रुपये की महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्राप्त हुई थी। इस फंडिंग ने 1682.72 लाख रुपये की कुल परियोजना लागत को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

परियोजना और उत्पाद के बारे में:

यह परियोजना बीएस VI गुणवत्ता मानक पिस्टन के निर्माण के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने पर केंद्रित है। इन सावधानीपूर्वक इंजीनियर किए गए पिस्टन को बीएस-VI मानकों द्वारा निर्धारित कड़े उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कंपनी द्वारा किया गया उल्लेखनीय दावा यह है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित ये पिस्टन अपने आयातित समकक्षों की तुलना में 50% अधिक किफायती हैं।

इस परियोजना की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हल्के जटिल आकार के पिस्टन पर निकेल-सीसा प्लेटिंग तकनीक का सफल अनुकूलन है। इस नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए, कंपनी ने पूर्ण इलेक्ट्रोलेस प्लेटिंग असेंबली की स्थापना की, जिसमें निम्नलिखित विशिष्ट विशेषताएँ हैं:

- **हरित प्रक्रिया:** प्लेटिंग की प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल है, कोई गैस या धुआँ पैदा नहीं करती है।
- **ऊर्जा खपत में दक्षता:** यह प्रक्रिया कोटिंग की मोटाई कम होने के कारण ऊर्जा दक्षता प्रदर्शित करती है।
- **संसाधनों का संरक्षण:** जलमग्नता-आधारित प्रक्रिया पानी का संरक्षण करती है, और जिम्मेदार संसाधन प्रबंधन में योगदान करती है।

महत्व और प्रभाव:

इस परियोजना का सफलतापूर्वक पूरा होना और उसके बाद 24 मई, 2022 को वाणिज्यिक परिचालन की शुरूआत होना, इसके गहरे प्रभाव को उजागर करता है। मेसर्स एबिलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड ने घरेलू स्तर पर उत्पादित समाधान बनाकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है जो लागत-प्रभावशील होते हुए बीएस-VI उत्सर्जन मानदंडों का पालन करता है। यह उपलब्धि न केवल तकनीकी प्रगति को संबोधित करती है बल्कि इंजीनियरिंग क्षेत्र की क्षमताओं को मजबूत करते हुए पर्यावरणीय प्रबंधन को भी बढ़ावा देती है।

मेसर्स बोटलैब डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली

क्षेत्रः अभियांत्रिकी

4.3 कंपनी सिंहावलोकनः

नई दिल्ली स्थित मेसर्स बोटलैब डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड इंजीनियरिंग क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ इस कंपनी का सहयोग नवोन्मेष और उन्नति के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। 8 नवंबर, 2021 को शुरू की गई **'3डी कोरियोग्राफ किए गए ड्रोन लाइट शो के लिए 500-1000 ड्रोन से युक्त फिर से विन्यास करने योग्य झुंड उड्डयन प्रणाली का डिजाइन और विकास'** नामक परियोजना के कुल परियोजना लागत 665.84 लाख रुपये में टीडीबी से 250.00 लाख रुपये की महत्वपूर्ण ऋण सहायता प्राप्त हुई है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौताः

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ मेसर्स बोटलैब डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड के इस सहयोग के परिणामस्वरूप **'3डी कोरियोग्राफ किए गए ड्रोन लाइट शो के लिए 500-1000 ड्रोन से युक्त फिर से विन्यास करने योग्य झुंड उड्डयन प्रणाली का डिजाइन और विकास'** परियोजना की शुरूआत हुई। इस परियोजना की कुल लागत 665.84 लाख रुपये है, जिसमें टीडीबी से 250.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता इस परियोजना को शुरूआत में ही प्राप्त हुई थी।

परियोजना और उत्पाद के बारे मेंः

टीडीबी द्वारा प्रदान की गई सहायता का लाभ उठाते हुए मेसर्स बोटलैब डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की हैः 500-1000 ड्रोन से युक्त फिर से विन्यास करने योग्य झुंड उड्डयन प्रणाली का सफल विकास। उल्लेखनीय उपलब्धि मात्र 6 महीने की समय सीमा के भीतर हासिल की गई। 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण गणतंत्र दिवस बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान ड्रोन लाइट शो का प्रदर्शन एक उल्लेखनीय आकर्षण था।

इस परियोजना का दायरा अकेले ड्रोन से आगे बढ़ गया है। इस कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कंट्रोलर (मोटर कंट्रोलर), प्रिसिजन जीपीएस सिस्टम और फ्लाइट कंट्रोलर सहित महत्वपूर्ण ड्रोन प्रबंधन घटकों के इन-हाउस डिजाइन का काम किया है। ये घटक सटीक मोटर नियंत्रण, सटीक ड्रोन स्थानीयकरण और कुशल पायलटिंग कार्यों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महत्व और प्रभावः

इस परियोजना का सफल समापन और उसके बाद 30 जून, 2022 को वाणिज्यिक परिचालन की शुरूआत इसके ठोस प्रभाव को रेखांकित करती है। इस पैमाने और जटिलता की फिर से विन्यास करने योग्य झुंड उड्डयन प्रणाली का नेतृत्व करके मेसर्स बोटलैब डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने ड्रोन प्रौद्योगिकी और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान ड्रोन लाइट शो का सफल निष्पादन न केवल इस कंपनी की तकनीकी कौशल को प्रदर्शित करता है, बल्कि नवोन्मेष को वास्तविक दुनिया के अनुभवों में अंतरित करने की क्षमता को भी प्रदर्शित करता है।

मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, बिजनौर (यूपी)

क्षेत्रः उर्जा और अपशिष्ट उपयोग

4.4 कंपनी सिंहावलोकनः

बिजनौर (यूपी) स्थित मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोग क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ इस कंपनी का सहयोग संधारणीय ऊर्जा समाधानों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। **'एसटीपी हरिद्वार में सीवेज आधारित बायोगैस संयंत्र से बायो सीएनजी का विकास और वाणिज्यीकरण'** शीर्षक वाली परियोजना के लिए टीडीबी से 215.00 लाख रुपये की आवश्यक ऋण सहायता प्राप्त करने के बाद 8 जुलाई, 2019 को शुरू हुई इस परियोजना की कुल लागत 431.70 लाख रुपये है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ समझौताः

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के साथ मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग **'एसटीपी हरिद्वार में सीवेज आधारित बायोगैस संयंत्र से बायो सीएनजी का विकास और वाणिज्यीकरण'** में परिणत हुआ। टीडीबी से 215.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से समर्थित इस परियोजना की शुरूआत ने परियोजना की कुल लागत 431.70 लाख रुपये को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभाई।

इस परियोजना और उत्पाद के बारे मेंः

टीडीबी की सहायता का लाभ उठाते हुए मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने अभिनव बायोगैस संयंत्र स्थापित करके महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया है। एसटीपी हरिद्वार में स्थित इस संयंत्र ने हरिद्वार में

जगजीतपुर सीवेज उपचार संयंत्र से निकलने वाले सीवेज कीचड़ की क्षमता का दोहन किया। कंपनी की तकनीक में सीवेज से उत्पन्न बायोगैस को परिष्कृत जैव संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में परिवर्तित करना शामिल है। उत्पादित बायो सीएनजी स्वच्छ ईंधन विकल्प और टिकाऊ ऊर्जा समाधान है।

महत्व और प्रभावः

22 मार्च, 2023 को इस परियोजना का सफल समापन मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। बायो सीएनजी का उत्पादन करने के लिए सीवेज कीचड़ से ऊर्जा का प्रभावी ढंग से उपयोग करके इस कंपनी ने अपशिष्ट-से-ऊर्जा समाधान की क्षमता का प्रदर्शन किया है। बायो सीएनजी की बिक्री से उत्पन्न राजस्व इस परियोजना की आर्थिक व्यवहार्यता और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा विकल्पों की बढ़ती माँग को रेखांकित करता है। सीवेज-आधारित बायोगैस से बायो सीएनजी बनाने में मेसर्स एनारोबिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की उपलब्धि इस कंपनी को ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य के नवोन्मेष के लिए उत्प्रेरक के रूप में स्थापित करती है। संधारणीय और स्वच्छ ऊर्जा के लिए बढ़ते दबाव के साथ ऊर्जा उत्पादन के लिए कार्बन का फिर से चक्रण करने की इस कंपनी की प्रतिबद्धता उभरते बाजार रुझानों के अनुरूप है। इस परियोजना के माध्यम से उत्पन्न बायो सीएनजी हरित परिवहन विकल्पों, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा के लिए स्थिरता को बढ़ाने में योगदान देती है।

संवर्धनात्मक गतिविधियाँ

अध्याय 5: संवर्धनात्मक गतिविधियाँ

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने पूरे वर्ष कार्यनीतिक संवर्धनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला के माध्यम से नवोन्मेष, सहयोग और सतत विकास के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। विविध क्षेत्रों में फैले इन आयोजनों ने ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और भारत में तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाने में टीडीबी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालने के लिए मंच प्रदान किया।

5.1 सततधारणीयता शिखर सम्मेलन, 2022: 19 - 20 अप्रैल, 2022

19 से 20 अप्रैल 2022 तक दिल्ली में आयोजित विवेकानन्द सततधारणीयता शिखर सम्मेलन प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के लिए सतत विकास के महत्व और इस दृष्टिकोण को साकार करने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने का महत्वपूर्ण मंच रहा। केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी और टीडीबी सचिव श्री राजेश कुमार पाठक की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। टीडीबी की भागीदारी केवल प्रतीकात्मक नहीं थी; इसने ऐसे नवोन्मेषी सततधारणीय समाधानों और पहलों को प्रदर्शित किया जो देश को पारिस्थितिक रूप से अधिक संतुलित और प्रौद्योगिकी-संचालित भविष्य की दिशा में ले जाने की क्षमता रखते हैं। इस चर्चाओं में सततधारणीयता और नवाचार के संगम पर प्रमुखता से बल दिया गया, जहाँ टीडीबी की प्रदर्शित परियोजनाओं ने ऐसे व्यावहारिक कार्यान्वयन के बारे में बातचीत को प्रेरित किया जो उद्योगों और समुदायों में प्रभावशाली बदलाव ला सकता है।

5.2 भारत ड्रोन महोत्सव, 2022: 27 - 28 मई, 2022

27 से 28 मई तक आयोजित भारत ड्रोन महोत्सव 2022 प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के लिए भारत के बढ़ते ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के साथ जुड़ने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा। टीडीबी की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम के व्यापक विषय ड्रोन उद्योग में 'घरेलू विनिर्माण और निर्यात में तेजी लाने' के अनुरूप है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और टीडीबी सचिव श्री राजेश कुमार पाठक की उपस्थिति ने ड्रोन क्षेत्र

में स्वदेशी नवोन्मेष और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पैनल अध्यक्ष के रूप में श्री पाठक की भूमिका ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने, भारत की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने और अनुसंधान, नवोन्मेष और सहयोगी भावना पर पनपने वाले संपन्न ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए सरकारी सहायता और प्रोत्साहन का समर्थन करने में टीडीबी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

5.3 टेक्सटाइल अनुसंधान संगोष्ठी 2022: 1 जून, 2022

1 जून 2022 को मुंबई में आयोजित **'विशेषतायुक्त वस्त्रों के लिए स्वदेशी तकनीक का विकास'** पर वीजेटीआई अनुसंधान संगोष्ठी प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) द्वारा विशिष्ट क्षेत्रों में नवोन्मेष को बढ़ावा देने में अपनी विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने के लिए महत्वपूर्ण मंच रहा। यह आयोजन न केवल स्वदेशी प्रौद्योगिकी के प्रति टीडीबी की प्रतिबद्धता को उजागर करने का अवसर था, बल्कि कपड़ा क्षेत्र में निवेश करने वाले हितधारकों के साथ सहयोग निर्मित करने का अवसर भी था। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक के उद्घाटन भाषण में नवोन्मेष और विशेषतायुक्त वस्त्रों के अंतर-संबंध को रेखांकित किया गया। इसके अलावा, भारत सरकार के कपड़ा आयुक्त के साथ टीडीबी सचिव की उपस्थिति ने भारत के सामाजिक-आर्थिक ढाँचे के लिए महत्वपूर्ण इस उद्योग में नवोन्मेष और घरेलू प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के सरकार के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित किया।

5.4 भारत की टेक स्टार्ट अप संगोष्ठी- 2022: 8 - 9 जून, 2022

8 से 9 जून तक बेंगलुरु में आयोजित ऑल-इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन के इंडिया फर्स्ट टेक स्टार्टअप कॉन्क्लेव और अवार्ड्स/एक्सपो ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) को भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराने के लिए गतिशील पृष्ठभूमि प्रदान की। इस कार्यक्रम में नवोन्मेष और उद्यमिता का जश्न मनाया गया, जिन मूल्यों का टीडीबी सक्रिय रूप से समर्थन करता है। डॉ. अश्वथ नारायण, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मुख्य अतिथि के

रूप में और सचिव श्री राजेश कुमार पाठक इसमें सम्मानित अतिथि के रूप उपस्थित थे। टीडीबी की भागीदारी ने स्टार्टअप्स के लिए परिणाम प्रद अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जहाँ नवोन्मेष की न केवल सराहना की जाती है, बल्कि उसे पोषित, वित्त पोषित किया जाता है और परिवर्तनकारी समाधानों को साकार करने की ओर प्रेरित किया जाता है।

5.5 आईआईटी में उद्भवित स्टार्टअप तक अभिगम्यता कार्यक्रम: 18 जून, 2022 और 23 दिसंबर, 2022

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) को परिवर्तनकारी क्षमता वाले नवोन्मेष के प्रवर्तक के रूप में मान्यता देते हुए में उद्भवित स्टार्टअप्स उन तक रणनीतिक पहुंच बनाई। 18 जून 2022 को आईआईटी कानपुर में और 23 दिसंबर 2022 को आईआईटी रूड़की में आयोजित एक दिवसीय अभिगम्यता सह परस्पर बातचीत बैठकों से उभरते उद्यमियों के साथ मजबूत संबंध को बढ़ावा देने के टीडीबी के सक्रिय दृष्टिकोण का परिचय मिला। इन परस्पर चर्चाओं ने न केवल इन संस्थानों से उभरने वाले संभावनापूर्ण स्टार्टअप्स के बारे में एक अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान की, बल्कि टीडीबी को सक्षमकर्ता के रूप में स्थापित किया, जो वाणिज्यीकरण के लिए तैयार नवोन्मेषों को वित्तीय और रणनीतिक रूप से सहायता देने के लिए तैयार है। संभावनापूर्ण स्टार्ट-अप्स के सफल व्यवस्थों में रूपांतरण के साथ ये परिणाम नवोन्मेष के उत्प्रेरक शक्ति के रूप में टीडीबी की प्रभावकारिता का प्रमाण देते हैं।

5.6 ईवी शिखर सम्मेलन, 2022: 24 जून, 2022

24 जून 2022 को तमिलनाडु प्रौद्योगिकी विकास और संवर्धन केंद्र द्वारा आयोजित ईवी शिखर सम्मेलन में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की सक्रिय भागीदारी रही, जिसने बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला। इसके उद्घाटन सत्र में 'मुख्य अतिथि' के रूप में सचिव श्री राजेश कुमार पाठक की उपस्थिति ने इस परिवर्तनकारी उद्योग में स्वदेशी विनिर्माण और नवोन्मेष को आगे बढ़ाने में टीडीबी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, कमांडर नवनीत कौशिक ने अपने मुख्य भाषण

में बैटरी प्रौद्योगिकी में प्रगति को संबोधित किया, जिसमें विद्युत गतिशीलता की दिशा में भारत की यात्रा को त्वरण देने वाले सहयोगी प्रयासों को बढ़ावा देने की टीडीबी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इस शिखर सम्मेलन के मंच ने मजबूत ईवी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यनीतिक पहलों के बारे में व्यावहारिक बातचीत को सुगम बनाया, जिसमें टीडीबी का दृष्टिकोण और योगदान प्रमुखता से सामने आया।

5.7 एसआईएमए और कोयंबटूर के उद्योगों के साथ वार्ता बैठक: 5 - 8 अगस्त, 2022

05 से 08 अगस्त 2022 तक एसआईएमए कार्यालय, कोयंबटूर में आयोजित वार्ता बैठक ने प्रौद्योगिकी विकास के लिए वित्तीय सहायता पर परिणामप्रद चर्चा को सुगम बनाया, जिससे नवोन्मेष में अग्रणी उद्योगों को सहायित करने के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक की उपस्थिति ने न केवल निर्धारण बल्कि प्रमुख क्षेत्रों में तकनीकी नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाला परिणामप्रद व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के टीडीबी के प्रयासों को विश्वसनीयता प्रदान की, कपड़ा निर्माताओं और कपड़ा मशीनरी उद्योगपतियों के साथ श्री पाठक की बातचीत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और सहयोग को प्रोत्साहित करने, कपड़ा क्षेत्र को तकनीकी कौशल और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तरफ ले जाने में टीडीबी की भूमिका को रेखांकित किया।

5.8 आईटीयू-टी क्षेत्रीय मानकीकरण मंच (आरएसएफ): 8 अगस्त, 2022

08 अगस्त 2022 को संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित **'दूरसंचार और आईसीटी के विनियामक और नीतिगत पहलू'** विषयक आइंटीयू-टी क्षेत्रीय मानकीकरण मंच (आरएसएफ) में टीडीबी की भागीदारी ने दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्रों में नियामक और नीतिगत जटिलताओं के बारे में इसकी सूक्ष्म समझ को प्रस्तुत किया। यह मंच टीडीबी के लिए उन अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का एक मंच था जो सरकारों और उद्योग हितधारकों के बीच सहजीवी सहयोग के महत्व को रेखांकित करती हैं। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक के योगदान ने तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में संतुलित नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें टीडीबी की विशेषज्ञता नवोन्मेष को बढ़ावा देने, उपभोक्ताओं की सुरक्षा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने वाले अनुकूल ढाँचे के निर्माण में आधारशिला के रूप में विद्यमान है।

5.9 अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन 2022 (आईसीएस-2022): 30 - 31 अगस्त, 2022

30 और 31 अगस्त 2022 को बर्गेन, नॉर्वे में अंतर्राष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन 2022 (आईसीएस-2022) के आयोजन में टीडीबी की साझेदारी ने सतत विकास की विशाल चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संवादों को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, ग्रीनस्टैट, नॉर्वे और भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ समन्वय करते हुए टीडीबी ने अंतरराष्ट्रीय नेताओं, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों को हरित हाइड्रोजन की क्षमता पर विचार-विमर्श करने के लिए मंच प्रदान किया। यह शिखर सम्मेलन सिर्फ एक चर्चा नहीं थी; यह स्वच्छ और अधिक संधारणीय भविष्य की दिशा में रणनीतिक कदम था, जहाँ टीडीबी की भूमिका प्रभावशाली सहयोग और परिवर्तनकारी समाधानों के सूत्रधार के रूप में प्रतिध्वनित हुई।

5.10 उभरती प्रौद्योगिकियों पर टीएनटीडीपीसी और सीआईआई-टीएनटीडीपीसी सम्मेलन का वार्षिक आम बैठक: 15 - 16 सितंबर, 2022

15 और 16 सितंबर 2022 को चेन्नई में आयोजित टीएनटीडीपीसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर सम्मेलन के दूसरे संस्करण में टीडीबी को मुख्य अतिथि निमंत्रण सिर्फ एक औपचारिक भूमिका नहीं थी; अपितु एक ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने में टीडीबी की महत्वपूर्ण स्थिति का प्रतीक है। यह सम्मेलन सिर्फ एक अकादमिक सभा नहीं थी; इसने उन ठोस तरीकों के बारे में बातचीत को शुरू किया जिनसे उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ सतत विकास को आगे बढ़ा सकती हैं। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक का मुख्य भाषण केवल एक औपचारिकता नहीं थी; यह नवोन्मेष, उद्यमशीलता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए टीडीबी की प्रतिबद्धता की घोषणा थी। जोकि परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों द्वारा आकार दिए गए भविष्य की दिशा में भारत के प्रक्षेप पथ को बढ़ाती है।

5.11 वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन और पुरस्कार, 2022: 7 अक्टूबर, 2022

07 अक्टूबर 2022 को दिल्ली में आयोजित वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन और पुरस्कारों में टीडीबी की भागीदारी सिर्फ एक अभिस्वीकृति नहीं थी; यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में इसकी गतिशील भूमिका की ओर ध्यानाकर्षित करना था। माननीय मंत्री श्री पीयूष गोयल और सचिव श्री राजेश कुमार पाठक की उपस्थिति ने रोबोटिक्स और एनीमेशन में नवोन्मेष को बढ़ावा देने की टीडीबी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। 'सम्मानित अतिथि' के रूप में श्री पाठक की उपस्थिति केवल औपचारिक नहीं थी; यह एक ऐसे तंत्र को बढ़ावा देने में टीडीबी की सक्रिय भूमिका की पुष्टि के रूप में प्रतिध्वनित हुआ जहाँ एआई नवोन्मेष फलता-फूलता है। यह शिखर सम्मेलन एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का उत्सव था, और टीडीबी की भागीदारी ने नवोन्मेष को उत्प्रेरित करने के अपने मिशन को प्रतिध्वनित किया जो न केवल दूरदर्शी है अपितु व्यवहार्य भी है।

5.12 भारतीय अंतरिक्ष सम्मेलन, 2022: 10 अक्टूबर, 2022

10 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित 2022 भारतीय अंतरिक्ष सम्मेलन में टीडीबी की भागीदारी ने भारत के एयरोस्पेस और रक्षा परिदृश्य को आकार देने में इसकी रणनीतिक भागीदारी को चिह्नित किया। एनेबलिंग स्पेस फॉर द कॉमन मैन सत्र में डॉ. वी. के. राय का प्रतिनिधित्व सिर्फ एक भागीदारी नहीं था; यह

अंतरिक्ष क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने में टीडीबी के समर्थन की अभिव्यक्ति था। नवोन्मेष और विकास को बढ़ावा देने में टीडीबी की भूमिका के बारे में डॉ. राय की अभिव्यक्ति पैनल चर्चाओं में गुंजायमान रही। यह चर्चा केवल अंतरिक्ष के इर्द-गिर्द ही नहीं की गई; अपितु भारत के एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भरता को पोषित करने वाली अत्याधुनिक परियोजनाओं को पोषित करने की टीडीबी की प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की गई।

5.13 एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली और एंथोनिक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'हरित ऊर्जा क्रांति': 19 अक्टूबर, 2022

19 अक्टूबर 2022 को आईआईटी दिल्ली के अनुसंधानओं और नवोन्मेष पार्क में आयोजित **'हरित ऊर्जा क्रांति'** कार्यशाला और सम्मेलन में टीडीबी की **'मुख्य अतिथि'** की भूमिका सिर्फ औपचारिकता मात्रा अपितु नहीं थी; हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक थी। यह आयोजन केवल बौद्धिक आदान-प्रदान नहीं था; अपितु नवीकरणीय ऊर्जा में क्रांति लाने के लिए हरित हाइड्रोजन क्षमता को खोज करने वाले विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के नेताओं का संगम था। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक के मुख्य भाषण में सिर्फ जानकारी ही नहीं दी गयी अपितु इसने हरित ऊर्जा की दिशा में भारत की गति को बढ़ाने के लिए साझा प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। सम्मेलन ने एक उत्पाद/सेवाओं कार्बनीति भागीदार के रूप में टीडीबी की भूमिका को दशार्या, जो ऐसे भविष्य में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है जहाँ स्थिरता और नवोन्मेष साथ-साथ फलते-फूलते हैं।

5.14 एमईटी-एचटीएस सम्मेलन और प्रदर्शनी मुंबई: 2-4 नवंबर, 2022

2 से 4 नवंबर तक आयोजित किए गए एमईटी-एचटीएस सम्मेलन और एक्सपो में टीडीबी का प्रदर्शन सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं था; यह तकनीकी सीमाओं को लांघकर आगे बढ़ने वाली परियोजनाओं को वित्तपोषण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था। यह आयोजन केवल एक सभा नहीं थी; अपितु इसने उच्च तापमान अतिचालकता और इसके अनुप्रयोगों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को एक स्थान पर एकत्रित किया। टीडीबी की भागीदारी केवल उपस्थिति तक ही सीमित नहीं थी; यह एक उत्प्रेरक के रूप में इसकी भूमिका की पुष्टि करती थी जो नवोन्मेष को सहायित करता है और उसे हाइलाइट करता है/चिन्हांकित करता है। यह सम्मेलन केवल एक मंच नहीं था; यह एक ऐसा स्थान था जहाँ टीडीबी द्वारा वित्त पोषित परियोजनाएँ उद्योगों को प्रभावित करने और प्रगति को आकार देने वाले परिवर्तनकारी उत्पादों/सेवाओं को आगे बढ़ाने के इसके मिशन के देदीप्यमान उदाहरण के रूप में सामने थीं।

5.15 भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, दिल्ली: 14 - 27 नवंबर, 2022

14 से 27 नवंबर 2022 तक दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में टीडीबी की उपस्थिति सिर्फ एक प्रदर्शनी मात्र नहीं थी; अपितु यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी नवोन्मेष को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब था। यह मेला केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं था; अपितु सहयोग, नेटवर्किंग और नवोन्मेष के मार्गों को खोजने का मंच था। टीडीबी की भागीदारी केवल प्रदर्शन के लिए नहीं थी; अपितु यह बातचीत और संपर्कों को बढ़ावा देने के लिए थी जिससे प्रभावशाली साझेदारियां बनती हैं। इस मेले में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की सक्रिय भागीदारी ने ऐसे तंत्र को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित किया जहाँ नवोन्मेष पनपता है, उद्योग आगे बढ़ते हैं और राष्ट्रीय प्रगति में तेजी आती है।

5.16 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी27), शर्म अल शेख, मिस्र: 6-20 नवंबर, 2022

6 से 20 नवंबर 2022 तक मिस्र के शर्म अल शेख में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी27) में टीडीबी की भागीदारी सिर्फ एक राजनयिक भागीदारी नहीं थी; यह जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की इसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। यह सम्मेलन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था; यह वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और सामूहिक समाधानों को बढ़ावा देने

के लिए एक रणनीतिक मंच था। टीडीबी की भागीदारी केवल प्रतीकात्मक नहीं थी; इसने स्थिरता-उन्मुख नवोन्मेषों और समाधानों को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को रेखांकित किया जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में योगदान करते हैं। चर्चाएँ केवल बातचीत नहीं थीं; इसने पृथ्वी के हरित और अधिक लोचशील भविष्य को आकार देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के टीडीबी के दृष्टिकोण को दोहराया।

5.17 इकोनॉमिक टाइम्स एजुकेशन लीडरशिप शिखर सम्मेलन, 2022: 23 नवंबर, 2022

23 नवंबर 2022 को दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक्स टाइम्स के एजुकेशन लीडरशिप शिखर सम्मेलन में टीडीबी की 'सम्मानित अतिथि' की भूमिका सिर्फ एक औपचारिक उपस्थिति नहीं थी; यह प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षा में बदलाव लाने की इसकी प्रतिबद्धता की घोषणा थी। यह शिखर सम्मेलन केवल संवाद नहीं था; यह शिक्षा के भविष्य के लिए अभिनव कार्यनीतियों की खोज करने वाले नेताओं का सम्मेलन था। सचिव श्री राजेश कुमार पाठक का मुख्य भाषण केवल एक संबोधन मात्र नहीं था; अपितु यह शिक्षा में प्रौद्योगिकी एकीकरण की शक्ति के बारे में एक बयान था। टीडीबी की उपस्थिति केवल औपचारिकता मात्र नहीं थी; अपितु यह ऐसे कार्यनीति भागीदार के रूप में प्रतिध्वनित हुआ जो सक्रिय रूप से ऐसे भविष्य के लिए योगदान दे रहा है जहाँ शिक्षा केवल सूचना-संचालित नहीं बल्कि नवोन्मेष-संचालित है।

5.18 आईपी और टीएएफएस परिवीक्षार्थियों का टीडीबी कार्यालय का दौरा: 25 नवंबर, 2022

25 नवंबर 2022 को प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) कार्यालय में आईपी और टीएएफएस परिवीक्षार्थियों का दौरा केवल बैठक मात्र नहीं थी; अपितु गहन अन्योन्यक्रिया थी जिसने राष्ट्र के प्रक्षेपवक्र को आकार देने में उन्नत प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह सत्र केवल एक प्रस्तुति नहीं था; यह तकनीकी प्रगति की गतिशील दुनिया में गोता लगाना था। भावी नीति निर्माताओं के साथ टीडीबी का यह जुड़ाव सिर्फ एक संवाद नहीं था; यह अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण का आदान-प्रदान था, जो राष्ट्रीय विकास पर

प्रौद्योगिकी के गहरे प्रभाव को उजागर करता था। परिवीक्षाधीन अधिकारियों से बातचीत केवल जानकारीपूर्ण नहीं थी; यह एक गतिशील आदान-प्रदान था जिसने प्रगति और विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी क्षमता को सुदृढ़ किया।

5.19 आर एंड डी कॉन्क्लेव और स्टार्टअप इनोवेशन कॉन्क्लेव के आईआईटीबीआई, भुवनेश्वर: 7 - 11 दिसंबर, 2022

7 से 11 दिसंबर 2022 तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (केआईआईटीटीबीआई) द्वारा आयोजित मेगा स्टार्टअप इनोवेशन कॉन्क्लेव 1.0 में टीडीबी की **'सम्मानित अतिथि'** के रूप में उपस्थिति सिर्फ औपचारिक नहीं थी; यह नवोन्मेष और उद्यमिता का उत्सव था। यह सम्मेलन सिर्फ एक आयोजन मात्र नहीं था; अपितु यह 150 से अधिक तकनीकी स्टार्टअप, नीति निमार्ताओं, कॉरपोरेट्स और निवेशकों का सम्मिलन था, जिसने नवोन्मेष का एक जीवंत तंत्र बनाया। टीडीबी की भागीदारी केवल उपस्थिति मात्र नहीं थी; यह नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका का सुदृढीकरण था जहाँ स्टार्टअप का न केवल अस्तित्व बना रहता है बल्कि वे फलते-फूलते हैं। यह सम्मेलन सिर्फ एक सभा नहीं थी; यह परिवर्तनकारी विचारों और समाधानों को सुर्खियों में लाने के टीडीबी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

5.20 वांतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकी पर टीएनटीडीपीसी सम्मेलन, चेन्नई 16 दिसंबर, 2022

टीडीबी ने चेन्नई में वांतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकी पर आयोजित टीएनटीडीपीसी सम्मेलन में भाग लिया, जहाँ कमांडर नवनीत कौशिक, वैज्ञानिक एफ ने अपने संबोधन में भारत के रक्षा क्षेत्र में टीडीबी की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर ध्यानाकर्षित किया कि कैसे टीडीबी रक्षा क्षेत्र के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास और स्वदेशीकरण को सहायित करने में सहायक रहा है। उन्होंने वांतरिक्ष और रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए विभिन्न रक्षा संगठनों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों पर भी जोर दिया।

5.21 आई-हब दिव्यसंपर्क प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केन्द्र, आईआईटी रूड़की: - 22 - 25 दिसंबर, 2022

आई-हब दिव्यसंपर्क में टीडीबी के विचार-विमर्श ने एनएमआईसीपीएस योजना के तहत स्टार्टअप, छात्रों और प्रोफेसरों के लिए अपना समर्थन प्रदर्शित किया। इस समुदाय के साथ जुड़ते हुए, टीडीबी ने नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी-संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

5.22 भारतीय विज्ञान कांग्रेस, नागपुर - 2-7 जनवरी, 2023

भारतीय विज्ञान कांग्रेस में टीडीबी की भागीदारी ने विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेष और वित्तपोषण परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट परियोजनाओं और वित्तपोषण के तरीकों को दर्शाते हुए, टीडीबी का उद्देश्य मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए विविध परियोजनाओं को आकर्षित करना है।

5.23 भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव, भोपाल: 21 - 24 जनवरी, 2023

भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में टीडीबी की भागीदारी का उद्देश्य पहलों और वित्त पोषण के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। डीएसटी पैविलियन में शामिल होकर टीडीबी विभिन्न क्षेत्रों की परियोजनाओं को आकर्षित करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है।

ये विविध गतिविधियाँ विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेष, सतत विकास और प्रौद्योगिकी प्रगति को बढ़ावा देने में टीडीबी के अग्रसक्रिय उपागम को रेखांकित करती हैं।

नई पहल

अध्याय 6: नई पहल

6.1 प्रस्ताव आह्वान

नवोन्मेष और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में टीडीबी की सक्रिय भागीदारी इसके **'प्रस्ताव आह्वान'** पहल के माध्यम से और भी स्पष्ट हुई। विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए ये प्रयास राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए टीडीबी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

6.1.1 'कचरा मुक्त शहरों के लिए प्रौद्योगिकी अंतःक्षेप'

3 मई, 2022 को शुरू किया गया यह स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के दृष्टांत के अनुरूप, सेरेखित प्रस्तावों के लिए आह्वान करता है जो **'कचरा मुक्त शहरों'** के लिए वैज्ञानिक तरीके से अपशिष्ट प्रसंस्करण करने में योगदान देता है। टीडीबी ने अपशिष्ट प्रबंधन के वाणिज्यीकरण चरण में नवीन और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को आमंत्रित किया है। यह आह्वान सामाजिक-आर्थिक प्रभाव वाले किफायती और अनुकूलनीय उत्पादों/सेवाओं पर केंद्रित था, जिसमें अपशिष्ट-से-उपयोग, ई-कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट, एआई-आधारित उत्पाद/सेवा और जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (बीएमडब्ल्यू) जैसे क्षेत्रों को लक्षित किया गया।

6.1.2 'अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र में वाणिज्यीकरण को सक्षम करने के लिए नवीन/स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ'



अंतरिक्ष और विमानन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 जुलाई, 2022 को प्रस्तावों के लिए आह्वान शुरू किया गया। उपग्रह हार्डवेयर, नेविगेशन चिप्स, वास्तविक समय में ट्रैकिंग अनुप्रयोगों और अधिकांश को कवर करते हुए, इस आह्वान ने अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों की बढ़ती माँग के अनुरूप प्रगति को प्रोत्साहित किया।

6.1.3 'संवहनीय कृषि के लिए अभिनव प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण को सहायित करना'

3 अगस्त, 2022 को शुरू किया गया यह आह्वान कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित था। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादन दक्षता को बढ़ाना और अभिनव प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके किसानों की आय में वृद्धि करना था।

6.1.4 'संधारणीयता के लिए हरित प्रौद्योगिकी अंतःक्षेप'

15 अक्टूबर, 2022 को शुरू किए गए इस आह्वान में संधारणीय संतुलन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, वाणिज्यीकरण चरण में अभिनव उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की मांग की गई। इस आह्वान में हरित हाइड्रोजन, ईंधन सेल, वायु प्रदूषण, जैव-ईंधन, ऊर्जा-कुशल उत्पाद, जल प्रबंधन, स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क, संधारणीय गतिशीलता और बहुत कुछ शामिल था।

6.1.5 'फार्मास्यूटिकल्स नवोन्मेषों में वाणिज्यीकरण को सक्षम करना'

31 अक्टूबर, 2022 को शुरू किया गया यह आह्वान औषध और चिकित्सा उपकरण क्षेत्रों को लक्षित करता है। इसके दायरे में नई दवाएँ, बायोसिमिलर, टीके, एपीआई, प्रक्रिया और विनिर्माण नवोन्मेष, आयात प्रतिस्थापन और अभिनव चिकित्सा उपकरण शामिल हैं।



6.1.6 'उन्नत सामग्रियों में नवोन्मेषों के माध्यम से 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाना'

5 दिसंबर, 2022 को शुरू किए गए इस आह्वान ने प्रौद्योगिकी विकास में उन्नत सामग्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। इस पहल का उद्देश्य संरचनात्मक सामग्री, कार्यात्मक सामग्री, उभरती सामग्री और अन्य जैसे उपक्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और नवोन्मेष को पोषित करना है।

टीडीबी की **'प्रस्ताव आह्वान'** पहल विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेष को प्रेरित करने और प्रौद्योगिकी-संचालित उत्पादों/सेवाओं को आगे बढ़ाने में इसकी सक्रिय भूमिका का उदाहरण है।

6.2 केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को लागू करने के लिए डीएसटी द्वारा केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में टीडीबी का नामांकन

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने टीडीबी को एनएम-आईसीपीएस (राष्ट्रीय अंतरविषयक साइबर भौतिक प्रणाली मिशन) तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण नामक केंद्रीय क्षेत्र की दो योजनाओं के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया। केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में टीडीबी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतर विषयक अनुसंधान का संचालन करने और संस्थागत और मानव क्षमता को बढ़ाने के लिए इन योजनाओं को सुविधाजनक बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

6.3 टीडीबी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग, डीएसटी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू)।

औद्योगिक अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए टीडीबी और डीएसटी के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रभाग ने 27 दिसंबर, 2022 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन ने अंतर्राष्ट्रीय 'औद्योगिक सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम' के लिए सहयोग ढाँचा की रूपरेखा तैयार की जिसमें टीडीबी अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक परियोजनाओं के लिए डीएसटी की तरफ से भारतीय आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य संयुक्त औद्योगिक अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के माध्यम से द्विपक्षीय सहयोग और नवोन्मेष को बढ़ावा देना है।

इस सहयोग के एवं भाग के रूप में टीडीबी ने 27 मार्च, 2023 को भारत-इजराइल औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी नवोन्मेष निधि (आई4एफ) के लिए प्रस्तावों आह्वान प्रारंभ किया। इस आह्वान में प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए भारतीय कंपनियों को भारत और इजराइल के बीच सहयोगात्मक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया।

6.4 ट्रेजरी सिंगल अकाउंट सिस्टम के तहत असाइनमेंट अकाउंट खोलना

वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, टीडीबी ने डीएसटी से अनुदान सहायता प्राप्त करने के लिए ई-कुबेर प्लेटफार्म पर ट्रेजरी सिंगल अकाउंट (टीएसए) प्रणाली के तहत खाता खोला गया। यह कदम सुव्यवस्थित वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करता है, सरकारी वित्तीय दिशानिर्देशों के साथ संरेखित है और फंड आवंटन और उपयोग में पारदर्शिता बढ़ाता है।

प्रशासन

अध्याय 7: प्रशासन

7.1 वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खाते

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 की धारा 12, निर्धारित करती है कि बोर्ड अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी गतिविधियों का पूरा ब्यौरा दिया जाएगा। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार, बोर्ड को केंद्र सरकार को लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ खातों की लेखा परीक्षित प्रति प्रस्तुत करनी होती है।

वर्ष 2021-22 के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के वार्षिक खातों की लेखापरीक्षित प्रति सहित वार्षिक रिपोर्ट क्रमशः दिनांक 21.12.2022 और 22.12.2022 को लोकसभा और राज्यसभा के समक्ष रखी गई थी।

7.2 राजभाषा का कार्यान्वयन

राजभाषा के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टिकोण से, टीडीबी सभी आधिकारिक संचार में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित कर रहा है।

14-28 सितंबर, 2022 के दौरान हिंदी पखवाड़ा/हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें श्रुतलेख, निबंध लेखन, कविता, भाषण, अनुवाद आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

7.3 15-17 फरवरी 2023 के दौरान फिजी में 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भागीदारी

फिजी सरकार व विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 12वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन दिनांक15-17 फरवरी 2023 को फिजी के नाडी शहर में आयोजित किया गया था। माननीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें विदेश राज्य मंत्री और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन; गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा; संसद के सदस्य; और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिंदीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' था। इस सम्मेलन में 31 से अधिक देशों के लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें भारत से लगभग 500 और फिजी से 300 प्रतिभागी शामिल थे।

उपरोक्त कार्यक्रम में, टीडीबी के दो अधिकारियों को 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन, फिजी में भाग लेने के लिए नामांकित किया गया था, जिसमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और फिजी सरकार द्वारा आयोजित विशेष सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के दौरान विविध उप-विषयों पर दस (10) समानांतर शैक्षणिक और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए थे।

7.4 सतर्कता सप्ताह का आयोजन

भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्राप्त करने के लिए, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) **'भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस'** की नीति को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2022 के लिए, आयोग ने 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 तक **'भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत'** विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का निर्णय लिया। भ्रष्टाचार मुक्त संगठन के आदर्श वाक्य को सुदृढ़ करने के लिए, टीडीबी ने 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 तक सतर्कता सप्ताह मनाया, जिसकी शुरूआत सभी अधिकारियों और कर्मचारी सदस्यों द्वारा ईमानदारी की शपथ लेने के साथ हुई।

इस सप्ताह के दौरान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, भाषण, निबंध लेखन और नारा लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। टीडीबी के अधिकांश कार्मिकों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

7.5 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2022 का आयोजन

टीडीबी ने 2022 में 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया, जिसका विषय था **'मानवता के लिए योग'**। यह कार्यक्रम आईआईटी दिल्ली परिसर में हुआ और इसका नेतृत्व आचार्य डॉ. रमेश पुरी जी ने किया। इस कार्यक्रम में सचिव टीडीबी, वरिष्ठ अधिकारीगणों, स्टाफ सदस्यों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। इस उत्सव ने अपने हितधारकों के बीच समग्र कल्याण और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए टीडीबी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

7.6 अंतर विभागीय क्रिकेट मैच

वर्ष 2022 में टीडीबी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक अंतर विभागीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने कर्मचारियों, ग्राहकों और हितधारकों को खेल भावना, सौहार्द और मनोरंजन के लिए एक साथ आने के लिए आकर्षक मंच प्रदान किया। संगठन की स्थापना का जश्न मनाने के अलावा, क्रिकेट मैच ने टीम वर्क को बढ़ावा दिया, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया और टीडीबी समुदाय के आपसी रिश्तों को मजबूत किया। इस आयोजन ने संबंधों को प्रोत्साहित किया और प्रतिभागियों के बीच एकता की भावना पैदा किया।

ये पहल टीडीबी के बहुमुखी प्रयासों को दर्शाती हैं, जिसमें संस्थागत सहयोग से लेकर कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना शामिल है।

वार्षिक लेखा विवरण

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
31 मार्च, 2023 को तुलन पत्र

(राशि रूपया में)

कॉर्पस/पूँजी निधि और देनदारियाँ	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
कॉर्पस/पूँजी निधि	1	19,06,53,09,470	17,40,71,93,645
आरक्षित और अधिशेष	2	-	-
निर्धारित / बंदोबस्ती निधि	3	63,40,99,000	8,84,13,834
सुरक्षित ऋण और उधार	4	-	-
असुरक्षित ऋण और उधार	5	-	-
आस्थगित ऋण देनदारियाँ	6	-	-
वर्तमान देनदारियाँ और प्रावधान	7	14,04,26,057	47,54,98,342
कुल		**19,83,98,34,527**	**17,97,11,05,821**
परिसंपत्तियाँ			
अचल परिसंपत्तियाँ	8	1,00,24,872	86,87,216
निवेश - निर्धारित/ बंदोबस्ती निधि से	9	65,99,000	65,99,000
निवेश- अन्य			
वर्तमान परिसंपत्तियाँ, ऋण, अग्रिम आदि।	10	1,05,95,00,225	1,02,13,25,900
विविध व्यय	11	18,76,37,10,430	16,93,44,93,705
(जिस हद तक बट्टे खाते में नहीं डाला गया या समायोजित नहीं किया गया)			-
कुल		**19,83,98,34,527**	**17,97,11,05,821**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	24	-	-
आकस्मिक देनदारियाँ और लेखाओं पर टिप्पणियाँ	25	-	-

(राजेश जैन)
निदेशक
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(राजेश कुमार पाठक)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(डॉ. श्रीवारी चन्द्रशेखर)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय खाता

(राशि रुपया में)

आय	अनुसूची	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
विक्रय / सेवाओं से आय	12		
अनुदान / सब्सिडी	13	1,01,01,97,099	1,25,06,13,703
शुल्क / अंशदान	14	-	-
निवेश से आय (निर्धारित / बंदोबस्ती निधि में निवेश से आय)	15	-	-
रॉयल्टी, प्रकाशन आदि से आय	16	1,42,39,106	31,85,321
अर्जित ब्याज	17	76,95,27,870	60,93,72,130
अन्य आय	18	9,77,83,470	5,76,10,361
तैयार माल और प्रगतिरत कार्यों के स्टॉक में वृद्धि / (कमी)।	19		
कुल (क)		**1,89,17,47,545**	**1,92,07,81,515**
खर्च			
स्थापना खर्च	20	5,86,61,490	4,51,35,103
अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	21	8,47,93,924	11,50,81,763
अनुदान, सब्सिडी आदि पर व्यय।	22	-	-
ब्याज	23	5,84,45,158	-
मूल्यह्रास (वर्ष के अंत में शुद्ध योग - अनुसूची -8 के अनुरूप)		27,37,771	24,48,029
कुल (ख)		**20,46,38,343**	**16,26,64,895**
शेष राशि व्यय पर आय में अधिकता (क-ख)		1,68,71,09,201	1,75,81,16,620
पूर्व अवधि का समायोजन		(2,03,93,376)	(3,68,67,642)
निवेश की हानि के लिए प्रावधान		(86,00,000)	-
सामान्य आरक्षित निधि में स्थानांतरण		-	-
कॉर्पस फंड में दिया गया अतिरिक्त शेष		**1,65,81,15,825**	**1,72,12,48,978**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	24		
आकस्मिक देनदारियाँ और खातों पर टिप्पणियाँ	25		

(राजेश जैन)
निदेशक
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(राजेश कुमार पाठक)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(डॉ. श्रीवारी चन्द्रशेखर)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति और भुगतान लेखा

(राशि रुपया में)

प्राप्तियां		वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
प्रारंभिक जमा:			
i)	अल्पावधि जमा में निवेश	4,66,99,00,000	1,66,99,00,000
ii)	सुलभ नकद	26,438	22,149
iii)	बैंक में नकद		
ए)	बैंक में शेष	2,18,20,14,632	1,49,62,29,986
बी)	बैंक में शेष - डीएफआईडी आविष्कार	8,18,14,835	7,94,25,859
प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुप्रयोग हेतु निधि			
i)	टीडी फंड	1,00,00,00,000	1,25,00,00,000
ii)	कोविड-19 से लड़ने के लिए फंड (ऋण ब्याज सहित लौटाया गया ऋण)	-	5,07,603
iii)	कोविड-19 से लड़ने के लिए फंड	44,87,94,603	-
iv)	अल्पावधि जमा पर ब्याज	23,23,77,907	5,48,39,937
v)	ऋणों पर ब्याज	24,13,49,725	45,05,50,006
vi)	आईटी रिफंड पर ब्याज	2,02,898	8,679
vii)	रॉयल्टी पर ब्याज	2,53,157	1,04,092
viii)	अनुदान पर ब्याज	1,67,537	-
ix)	ऋणों का पुनर्भुगतान	1,10,82,98,990	2,19,84,24,479
x)	रॉयल्टी	1,42,39,106	31,85,321
xi)	दान	10,07,851	4,00,000
xii)	अव्ययित अनुदान वापस प्राप्त हुआ	1,01,97,099	6,13,703
xiii)	बचत खातों पर ब्याज (ईपीएफ खाते सहित)	10,02,99,199	6,19,40,100
xiv)	सीसीएफ फंड से प्राप्त आय/लाभ	-	5,71,56,361
xv)	सिटिंग की फीस	86,000	54,000
xvi)	आयकर की वसूली	33,72,992	1,02,151
xvii)	वसूल किए गए शुल्क-देय	-	3,80,913
xviii)	विविध प्राप्तियाँ	4,581	1,389
xix)	कर्मचारियों को अग्रिम	-	1,72,952
xx)	संपत्ति प्राप्ति पर लाभ	30,05,97,975	1,07,900

	प्राप्तियां	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
xxi)	वेंचरईस्ट फंड	4,41,43,882	-
xxii)	आरवीसीएफ	2,70,77,918	-
xxiii)	इक्विटी प्राप्ति	-	5,91,21,375
xxiv)	सिडबी वेंचर फंड	11,60,81,968	3,57,02,362
xxv)	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी (सीआईआईई)	74,90,498	1,66,68,253
xxvi)	आइवीकैप वेंचर ट्रस्ट फंड-1	5,73,01,427	2,62,37,709
xxvii)	एसईएएफ इंडिया फंड	9,11,165	79,67,336
xxviii)	सुरक्षा जमा और कर्मचारियों को अग्रिम वापसी राशि	-	8,67,280
xxix)	डीएफआईडी आविष्कार बचत ब्याज	20,46,321	23,89,046
xxx)	लाभांश आय	42,21,885	-
xxxi)	अग्रिम राशि वसूल की गई	9,09,990	-
कुल		**10,65,51,90,578**	**7,47,30,80,941**

(राजेश जैन)
निदेशक
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(राजेश कुमार पाठक)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(डॉ. श्रीवारी चन्द्रशेखर)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति और भुगतान लेखा

(राशि रुपया में)

भुगतान		वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
स्थापना व्यय			
i)	वेतन	4,88,83,411	4,25,99,977
ii)	यात्रा व्यय (घरेलू)	32,13,845	18,06,270
iii)	यात्रा व्यय (विदेशी)	29,46,652	-
iv)	वर्दी	10,000	10,000
v)	कर्मचारी कल्याण व्यय और ओटीए	33,000	82,593
vi)	चिकित्सा व्यय	29,70,430	6,68,658
vii)	प्रतिनियुक्ति के लिए पेंशन अंशदान	6,24,699	-
कार्यालय का व्यय			
i)	टेलीफोन/टेलेक्स	11,58,541	32,70,010
ii)	नियोक्ता ईपीएफ/एनपीएस योगदान	1,11,854	-
iii)	डाक टिकट	24,715	32,201
iv)	पेट्रोल, तेल, लुब्रिकेंट्स	1,16,612	73,885
v)	मरम्मत एवं रखरखाव	13,73,928	15,05,749
vi)	उपभोज्य भंडार एवं मुद्रण	14,85,035	33,26,553
vii)	समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ	1,00,890	80,894
viii)	मनोरंजन और आतिथ्य	4,41,023	4,96,131
ix)	बैठकों पर व्यय	24,58,162	2,88,749
x)	विज्ञापन एवं प्रचार	59,75,583	58,03,290
xi)	प्रौद्योगिकी दिवस व्यय	1,20,47,771	28,46,182
xii)	विविध व्यय	12,56,054	14,81,380
xiii)	पुस्तकालय पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ	2,823	8,560
xiv)	कानूनी शुल्क	73,31,914	20,60,790
xv	परिसंपत्ति प्रबंधन शुल्क	10,15,480	11,80,000
xvi)	बैंक शुल्क	1,46,062	
xvii)	विशेषज्ञों को टीए/डीए	38,61,295	13,61,479
xviii)	विशेषज्ञों को मानदेय	36,40,491	21,78,092
xix)	सदस्यता शुल्क	23,600	23,600
xx)	प्रबंधन शुल्क	13,74,410	24,40,000
xxi)	किराया	-	25,53,666
xxii)	ब्याज और टीडीएस	672	2,767
xxiii)	राष्ट्रीय पुरस्कार	1,70,00,000	6,65,00,000
xiv)	कर्मचारियों को अग्रिम	3,55,221	-

भुगतान		वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
xxv)	कर्तव्य एवं कर	70,20,850	-
xxvi)	स्थापना टिक्स	24,938	26,58,525
xxvii)	पानी और बिजली	8,22,906	2,30,664
बोर्ड व्यय			
i)	सदस्यों को टीए/डीए	1,26,554	1,43,031
ii)	शुल्क और बोर्ड बैठक व्यय	1,70,951	1,46,566
पूंजीगत व्यय			
i)	परिसंपत्ति की खरीद	40,30,574	29,15,885
संवितरण			
i)	ऋण	9,86,97,716	12,48,50,000
ii)	सौंपे गए ऋणों की सीमा तय करें	2,28,06,691	-
iii)	इक्विटी	5,000	-
iv)	कोविड-19 अनुदान के तहत जारी ऋण	35,00,00,000	25,63,00,000
v)	कोविड के लिए अनुदान	45,12,69,603	78,00,000
vi)	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी (सीआईआईई)	6,00,570	6,88,829
vii)	आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड III	50,00,00,000	-
viii)	डीएफआईडी इन्वेंट बैंक शुल्क	-	71
ix)	डीएफआईडी इन्वेंट देनदारी	8,38,61,156	-
अन्य खर्चों			
i)	अन्य के लिए अग्रिम	-	9,09,990
ii)	अन्य व्यय	13,69,508	-
iii)	अनुदान पर ब्याज का भुगतान	5,12,46,802	-
जमा शेष			
i)	अल्पावधि जमा में निवेश	4,30,00,00,000	4,66,99,00,000
ii)	हाथ में नकदी	50,799	26,438
	बैंक में नकदी		
क)	बैंक में जमा राशि (ईपीएफ खाते सहित)	4,66,31,01,787	2,18,20,14,632
ख)	बैंक में जमा राशि - डीएफआईडी इन्वेंट	-	8,18,14,834
कुल		**10,65,51,90,578**	**7,47,30,80,941**

(राजेश जैन)
निदेशक
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(राजेश कुमार पाठक)
सचिव
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(डॉ. श्रीवारी चन्द्रशेखर)
अध्यक्ष
प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
31 मार्च 2023 को तुलन पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियाँ

(राशि रुपया में)

अनुसूची 1- कॉर्पस/पूँजी निधि:	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
वर्ष की शुरूआत में शेष राशि	17,40,71,93,645		-	15,68,59,44,667
जोड़ें: कॉर्पस/पूँजी निधि में योगदान	-			-
जोड़ें: आय और व्यय खाते से हस्तांतरित शुद्ध आय का शेष	1,65,81,15,825			1,72,12,48,978
[नोट संख्या 25(11) देखें]				
वर्ष के अंत में शेष राशि		19,06,53,09,470		**17,40,71,93,645**

(राशि रुपया में)

अनुसूची 2- आरक्षित और अधिशेष:	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
1. पूँजी आरक्षित निधि:				
पिछले खाता के अनुसार				
वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि				
घटाएँ: वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
2. पुन मुल्यांकित आरक्षित निधि:				
पिछले खाता के अनुसार				
वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि				
घटाएँ: वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
3. विशेष आरक्षित निधि:				
पिछले खाता के अनुसार				
वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि				
घटाएँ: वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
4. सामान्य आरक्षित निधि				
पिछले खाता के अनुसार				
वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि				
घटाएँ: वर्ष के दौरान कटौती				
कुल	-	-	-	-

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च 2023 को तुलन पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियाँ

(राशि रूपया में)

अनुसूची 3- निर्धारित/अक्षय निधि	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
देयताएँ				
क. आईडीबीआई का योगदान				
1) आईडीबीआई को भारत सरकार से प्राप्त योगदान		28,84,00,000		28,84,00,000
निवेश से आय				
a. ब्याज	13,31,47,041		13,31,47,041	
b. रॉयल्टी	5,51,97,900		5,51,97,900	
c. लाभांश	86,23,794		86,23,794	
d. उपार्जित आय कम छूट	2,38,80,81,913		2,38,80,81,913	
	2,58,50,50,648		**2,58,50,50,648**	
घटाएँ: टीडीबी को हस्तांतरित की गई राशि	21,25,00,000		21,25,00,000	
	2,66,09,50,648		**2,66,09,50,648**	
घटाएँ: पहले प्राप्त अतिरिक्त रॉयल्टी को मूलधन में समायोजित किया गया	1,12,50,000		1,12,50,000	
घटाएँ: बट्टे खाते में डाले गए ऋण	**2,64,97,00,648**		**2,64,97,00,648**	
घटाएँ: निवेश की बिक्री पर हानि	4,36,36,450		4,36,36,450	
	26,76,250		26,76,250	
घटाएँ: ऋण पर प्रावधान	**2,60,33,87,948**		**2,60,33,87,948**	
	8,32,79,357		8,32,79,357	
घटाएँ: ब्याज और एफआईएलडी पर प्रावधान	2,38,80,81,913		2,38,80,81,913	
	18,32,324		18,32,324	
घटाएँ: लेखापरीक्षा शुल्क और अन्य व्यय	15,71,80,000		15,71,80,000	
घटाएँ: आईडीबीआई को प्रबंधन शुल्क	26,26,000	(2,96,11,646)	26,26,000	(2,96,11,646)
घटाएँ: निवेश के मूल्य में कमी		(2,96,11,646)		(2,96,11,646)
		3,62,10,646		3,62,10,646
*टीडीबी से प्राप्त होने वाली राशि (31.03.2019		**65,99,000**		**65,99,000**
ख. प्रौद्योगिकी विकास के लिए नवोन्मेषी उद्यम (आईएनवीईएनटी) - डीएफआईडी		-		8,18,14,834
ग. कोविड के लिए निर्धारित निधि का उपयोग		**62,75,00,000**		
कुल		**63,40,99,000**		**8,84,13,834**

*टिप्पणी:

1) फंड के प्रदर्शन नहीं करने के कारण, आईडीबीआई द्वारा दावा किया गया प्रबंधन खर्च की राशि पर टीडीबी द्वारा विवादित है।

2) आईडीबीआई द्वारा 31.03.2019 को समाप्त वर्ष के लिए अपने लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार टीडीबी द्वारा देय 3,62,10,646/- रुपये की राशि का दावा किया गया है। उक्त राशि आईडीबीआई द्वारा लगाए गए उच्च प्रबंधन शुल्क के कारण उत्पन्न हुई है, जिस पर टीडीबी ने विवाद किया है। उक्त राशि का समाधान होने तक टीडीबी उक्त राशि के भुगतान को स्वीकार नहीं करता है। आईडीबीआई द्वारा आगे के दावों को भी देय नहीं माना गया है।

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

31 मार्च 2023 को तुलन पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियाँ

(राशि रूपया में)

अनुसूची 4 - सुरक्षित ऋण और उधार:	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
1. केंद्र सरकार	-	-	-	-
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-
3. वित्तीय संस्थाएँ				
a) सावधि ऋण				
b) अर्जित ब्याज और देय	-	-	-	-
4. बैंक:				
a) सावधि ऋण				
- अर्जित ब्याज और देय	-	-	-	-
b) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)				
- अर्जित ब्याज और देय	-	-	-	-
5. अन्य संस्थाएँ और एजेंसियाँ	-	-	-	-
6. डबेंचर और बांड	-	-	-	-
कुल	-	-	-	-
नोट: एक वर्ष के अंदर देय राशि				

(राशि रूपया में)

अनुसूची 5- असुरक्षित ऋण और उधार	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
1. केंद्र सरकार	-	-	-	-
2. राज्य सरकार (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-
3. वित्तीय संस्थाएँ	-	-	-	-
4. बैंक:				
a) सावधि ऋण	-	-	-	-
b) अन्य ऋण (निर्दिष्ट करें)				
5. अन्य संस्थाएँ और एजेंसियाँ	-	-	-	-
6. डिबेंचर और बांड	-	-	-	-
7. सावधि जमा	-	-	-	-
8. अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-
कुल	-	-	-	-
नोट: एक वर्ष के अंदर देय राशि				

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
31 मार्च 2023 को तुलन पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियाँ

(राशि रूपया में)

अनुसूची 6- आस्थगित ऋण देनदारियाँ	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
a. पूँजीगत उपकरण और अन्य परिसंपत्तियों के विरुद्ध द्वारा सुरक्षित स्वीकृतियाँ	-	-	-	-
b. अन्य				
टिप्पणी: एक वर्ष के अंदर देय राशि				
कुल				

(राशि रूपया में)

अनुसूची 7- वर्तमान देनदारियाँ और प्रावधान	वर्तमान वर्ष		पिछला वर्ष	
क. वर्तमान देनदारियाँ				
1. 'फाइटिंग कोविड-19' महायता अनुदान	75,00,00,000		75,00,00,000	
घटाएँ: अनुदान के लिए उपयोग किया गया				
2020-2021	1,39,38,000		1,39,38,000	
2021-2022	78,00,000		78,00,000	
2022-2023	24,75,000		-	
	2,42,13,000			
घटाएँ: कोविड-19 निधि के तहत ऋण के लिए उपयोग किया गया				
2020-2021	2,12,00,000		2,12,00,000	
2021-2022	25,63,00,000		25,63,00,000	
2022-2023	35,00,00,000		-	
	62,75,00,000			
जोड़ें: प्राप्त अप्रयुक्त अनुदान	5,07,603	9,87,94,603	5,07,603	45,12,69,603
2. विविध लेनदार				
a) माल के लिए	-			
b) अन्य	37,257	37,257		
3. प्राप्त प्रतिभूति राशि		-		-
4. उपार्जित ब्याज किंतु देय नहीं				
a) सुरक्षित ऋण/उधार				
b) असुरक्षित ऋण उधार	-	-		-
5. सांविधिक देयताएं				
a) टीडीएस	6,30,469		6,00,647	
b) जीएसटी	34,826		88,344	-
c) देय जीपीएफ				
d) देय ईपीएफ	4,59,400	11,24,695	4,29,453	11,18,444
